केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क- bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406
भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 145 बुधवार 18 दिसम्बर 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

# योगी सरकार ने पेश किया 17865 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट

**लखनऊ (आभा)।** प्रदेश के विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए मंगलवार को विधानमंडल के दोनों सदनों में योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024–25 का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया। यह बजट कुल 17,865.72 करोड़ रुपये का है। इसमें 790.49 करोड़ रुपये के नए प्रस्ताव शामिल किए गए हैं।

अनुपूरक बजट मूल बजट (7,36,437.71 करोड़ रुपये) का 2.42 प्रतिशत है। इससे पहले जुलाई को भी सरकार 12,209.93 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट ला चुकी है। दोनों अनुपूरक बजट मिलाकर वित्तीय वर्ष 2024–25 का अब कुल बजट 7,66,513.36 करोड़ रुपये हो गया है।

विधानसभा में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना व विधान परिषद में नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अनुपूरक बजट पेश किया। सुरेश खन्ना ने बजट पेश करते हुए कहा कि द्वितीय अनुपूरक बजट 17,865.72 करोड़ रुपये का है। इसमें केंद्रीय योजनाओं में 422.56 करोड़ रुपये के केंद्रांश की राशि भी अनुमानित है। इसमें ऊर्जा विभाग को सबसे अधिक 8,587.27 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव है। इससे प्रदेश की बिजली व्यवस्था और बेहतर की जाएगी। बजट के अभाव में जो कार्य रुके हुए थे उन्हें भी अनुपूरक बजट से रफ्तार



मिलेगी। अनुपूरक बजट में वित्त विभाग को 2438.63 करोड़ रुपये, परिवार कल्याण विभाग को 1592.28 करोड़, पशुधन विभाग के लिए 1001 करोड़ रुपये दिए गए हैं। सरकार ने अच्छी सड़कों के लिए लोक निर्माण विभाग के लिए 805 करोड़ और दिए हैं। प्राथमिक शिक्षा विभाग के लिए 515 करोड़, सूचना विभाग के लिए 505 करोड़, पंचायती राज विभाग के लिए 454.01 करोड़ और चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के लिए 354.54 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना के लिए 454 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। छुट्टा गोवंश के रखरखाव के लिए भी सरकार ने एक हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त दिए हैं। सामान्य वर्ग के निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी के लिए अनुदान योजना सरकार फिर शुरू करने जा रही है। इसके लिए 20 करोड़ रुपये दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सड़कों की मरम्मत के लिए भी 20 करोड़ रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। गरीबों को उनका अपना घर दिलाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में सरकार के 221 करोड़ रुपये और दिए हैं। बौद्ध परिपथ के समेकित पर्यटन विकास के लिए भी सरकार ने 53 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है।

## एक नजर

### नगर में अमर शहीद मेले की तैयारियां पूरी



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती, । नगर में अमर शहीद मेला की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला अधिकारी वित एवं राजस्व प्रतिपाल सिंह चौहान होंगे। विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी बस्ती सदर शत्रुघ्न पाठक रहेंगे। बुधवार को राजकोट परिसर में आयोजित मेले में सुबह 07 बजे 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की दो किलोमीटर दौड़ होगा जिसमें प्रथम 10 धावकों को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। नगर पंचायत के सभी परिषदीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत किए जाएंगे। 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने का शिविर लगाया जाएगा। आयुर्वेदिक विभाग के चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। इसके अलावा कवि सम्मेलन सहित विभिन्न सरकारी विभागों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल भी मौजूद रहेगी।

उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक और नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने बताया कि कार्यकम को सफल बनाने के लिए टीम गठित कर दी गई है। अमर शहीद मेले की पूर्व संध्या पर आज अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने राजकोट तिराहे पर बने नवनिर्मित अमर बलिदानी स्तम्भ का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर त्याग और बलिदान की पुण्य भूमि है। ऐसी पावन धरती की सेवा का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के सभी तिराहे और चौराहे महापुरुषों के नाम पर सजाए जाएंगे। नगर पंचायत के चतुर्दिक विकास की रफ्तार तेज की जाएगी। श्रीमती राना ने अमर शहीद मेले में सम्मिलित होने के लिए क्षेत्रीय नागरिकों से अपील किया है। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख राना दिनेश प्रताप सिंह, सभासद प्रतिनिधि संजय सोनकर, मेजर चंद्र शेखर शुक्ला,राकेश पाण्डेय, देवेश धर द्विवेदी, मोहंती दूबे, डॉ अनिल श्रीवास्तव, माधुरी सिंह, चंद्र मणि मिश्रा सहित सभी सभासद और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पिकप बस से टकरायी, 1 की मौत, सात घायल



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती, । मंगलवार की भोर में अयोध्या–गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अयोध्या से गोरखपुर की तरफ जा रहे पिकअप को पीछे से बस ने जोरदार ठोकर मार दिया, जिससे पिकअप और बस में सवार यात्री घायल हो गए, मौके पर अफरातफरी मच गई। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया में भर्ती कराया गया. जहां पिकअप चालक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि पिकप के खलासी सहित बस सवार दो यात्रियों को भी गंभीर चोट आने के चलते रेफर करना पड़ा। अन्य चार यात्रियों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया में उपचार चल रहा है। घटना भोर में 5 बजे की बताई जा रही है। अयोध्या से गोरखपुर की तरफ जा रही पिकअप ने अचानक ब्रेक लगाकर मोड़ दिया, जिससे पीछे आ रही बस से टक्कर हो गई। हादसे के बाद बस सवार यात्री चीखने चिल्लाने लगे। मौके पर जुटे टोल कर्मियों ने अन्य गाड़ी चालकों और पेट्रोलिग टीम की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने पिकअप के खलासी शनि पुत्र झल्लू निवासी आशापुर थाना कोतवाली फैजाबाद को मृत घोषित कर दिया।

## पुरस्कृत हुये विजेता, बढाया हौसला



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। यूनिक ग्लोबल एकेडमी भगवतीपुरम, पायकपुर बस्ती में वार्षिक प्रतियोगिता के समापन अवसर पर निबंध प्रतियोगिता,रंगोली,मेहंदी एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। स्कूल के प्रबंध निदेशक आलोक कुमार श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य सुभाष यादव ने विजेता प्रतिभागियों को शील्ड,प्रमाण पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। यूनिक ग्लोबल एकेडमी का मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा ।

स्कूल के प्रबंध निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक शैक्षणिक संस्था में प्रतियोगिताओं का आयोजन छात्रों की दक्षता बढ़ाने के लिए होता है। प्रतियोगिताएं छात्रों के ज्ञान और कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करती हैं। इसलिए यूनिक ग्लोबल एकेडमी के छात्रों में निहित प्रतिभा और उनकी दक्षता को संवारने व निखारने के लिए समय–समय पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। छात्र छात्राएं स्कूल में और स्कूल के बाहर अनेक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते रहे हैं और अपनी श्रेष्ठता का प्रमाण प्रस्तुत करते रहे हैं।

वार्षिक प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ । प्रतियोगिता के समापन अवसर पर छात्र छात्राएं एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## मकान को लेकर दबंगों ने मारा पीटाः कार्रवाई की मांग



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के श्रीपालपुरखास निवासी शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने वाल्टरगंज पुलिस को लिखित तहरीर देकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग किया है। पत्र में शैलेन्द्र कुमार ने कहा है कि गत 16 दिसम्बर सोमवार की शाम उनका भाई अमन कुमार अपने ननिहाल वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के सुभई गांव गया था। वह फोन से बात कर रहा था कि गांव के आरिफ अली पुत्र रऊफ, अली, बुधई, अजमत अली पुत्रगण रसीद और रसीद पुत्र मंगरू आदि ने मकान के कथित विवाद को लेकर मारा पीटा। शोर सुनकर मामा के लड़के अमरनाथ, अमरदीप और मामा की लड़की प्रीती आई तो उसे भी गाली देकर मारा पीटा। पूरे परिवार को दबंग अल्पसंख्यकों द्वारा जान से मार देने की धमकी दी जा रही है।

शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने मांग किया है कि दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही परिवार के जान माल की रक्षा कराया जाय।

## वार्षिकोत्सव में छा गया बचपन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। दिल्ली स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में अभिव्यक्ति 2.0 वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत को सभी ने सराहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन पूर्व मुख्य सचिव श्रीमत पांडेय, प्रोफेसर नीरजा सिंह, आईएएस एवं चेयरमैन डीडीए उदय प्रताप सिंह, विद्यालय के प्रबंधक जे.पी.सिंह और राज्य मंत्री महेश शुक्ला ने मां सरसस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें प्रमुख रूप से गणेश वंदना, शांति रस, हेरा फेरी, द्रौपदी एक्ट, मल्हारी, ताइक्वांडो, भगवान है कहां, अभिज्ञान शाकुंतलम, आज है संडे, घुमर, नगाड़ा,नुक्कड़ नाटक, साइबर क्राइम, मां की ममता, आरंभ है प्रचंड जैसे कार्यक्रम शामिल थे। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन ने बच्चों को पुस्तकों की उपयोगिता के बारे में बताया और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर नीरजा सिंह ने भी बच्चों को पुस्तक पढ़ने और लिखने के फायदों के बारे में बताया और उन्हें मोबाइल फोन के ज्यादा इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक जे.पी. सिंह ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह दिया। कार्यक्रम का समापन वाइस प्रिंसिपल गणेश राम के द्वारा किया गया।

## बच्चों के विवाद में दबंगों ने मारा पीटाः एसपी से लगाया न्याय की गुहार



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । सोनहा थाना क्षेत्र के अहिरौला निवासी शीला देवी पत्नी राम संवारे ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग किया है। मंगलवार को एस.पी. को दिये पत्र में शीला देवी ने कहा है कि गत 14 दिसम्बर की शाम लगभग 7 बजे बच्चों के विवाद को लेकर गांव के ही प्रिंस कुमार पुत्र शिवपूजन, शिवपूजन पुत्र राम कुमार उनके रिश्तेदार वीरेन्द्र यादव, उनके साथी शीला के घर पर चढ आये और गालियां देते हुये टांगी, लोहे के राड और डण्डे से घर में रखे कीमती सामान को तोड़ने–फोड़ने लगे। शोर सुनकर उनके देवर भल्लू यादव, जेठ उदयराज यादव, उर्मिला देवी, सूर्यमती देवी, मुल्तारी पत्नी उदयराज, अनीता यादव पत्नी राजू बचाने के लिये, प्रिंस आदि ने उन्हें भी मारा पीटा। अनीता को कट्टा सटाकर अश्लील हरकत करने लगे और कपड़ा फाड़ दिया। उक्त लोग आलमारी का ताला तोड़कर मंगलसूत्र, सोने की सीकड, जेवरात, 40 हजार रूपया नकद लूट लिया।

पत्र में शीला देवी ने कहा है कि घटना की सूचना 112 नम्बर पर दिया गया। गंभीर चोट के कारण भानपुर अस्पताल भेजा गया। थाने पर तहरीर दिया गया । पुलिस ने अपने तरीके से मुकदमा दर्ज किया। शीला ने मांग किया है कि घटना की गंभीरता को देखते हुये नये सिरे से उचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दोषियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही कराया जाय।

## कांगेस जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र हाउस अरेस्ट

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



बस्ती। उ.प्र. सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर जनता की आवाज बंद करना चाहती है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने अंग्रेजी हुकूमत को धूल चटाया है, योगी सरकार की तानाशाही उसके आगे कुछ भी नही। यह बातें कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कही। उन्हे कोतवाली पुलिस ने सोमवार की रात से ही हाउस अरेस्ट कर रखा है। कांग्रेस नेता ने कहा पूरे प्रदेश से पार्टी नेताओं को हाउस अरेस्ट किये जाने की सूचना मिल रही है।

कहा कि केन्द्र व प्रदेश में बैठी भाजपा सरकार आन्दोलनों को कुचलकर लोकतंत्र को खत्म करने पर आमादा है। एक ओर कांग्रेस संविधान को बचाने की खातिर सड़क से सदन तक संघर्ष कर रही है दूसरी ओर सरकार संविधान का गला घोंट रही है। कांग्रेस कार्यकर्ता योगी सरकार के तानाशाही रवैये का माकूल जवाब देंगे। 18 दिसम्बर को विधानसभा को घेरने का कार्यक्रम निश्चित रूप से सफल होगा। सैकड़ों बब्बर शेर कांग्रेसी लखनऊ कूच कर चुके हैं। वे बेरोजगारी, महगाई, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद बुलडोजर एक्शन, खाद बीज की किल्लत, हत्या, लूट, भ्रष्टाचार के मुद्दे पर योगी सरकार को जगाकर दम लेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जो लकीर खींच रहे हैं उस पर आगामी सरकारें चलीं तो फिर वे सदन में फूट फूटकर रोयेगे।

## विधानसभा घेराव की तैयारी में जुटे कांग्रेस नेता नोमान अहमद के साथ कई पुलिस हिरासत में

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



बस्ती। कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व द्वारा जनहित के सवालों को लेकर 18 दिसम्बर को विधानसभा घेराव की चेतावनी को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय है और कांग्रेस के अनेक नेताओं को या तो हाउस अरेस्ट कर लिया गया है या पुलिस उन्हें कोतवाली ले गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नोमान अहमद को पहले तो पुलिस ने रौता चौराहे के निकट स्थित पार्टी के शिविर कार्यालय पर हाउस अरेस्ट किया और देर शाम पुलिस उन्हें पार्टी नेताओं के साथ कोतवाली ले गई।


कांग्रेस नेता नोमान अहमद ने कहा कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार बढते जनाक्रोश को लेकर भयभीत हो गई है और पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर भय पैदा करना चाहती है किन्तु उसके मंसूबे सफल नहीं होंगे। 18 दिसम्बर को विधानसभा का घेराव किया जायेगा। पुलिस की ताकत पर लोकतंत्र को कुचलने वाली भाजपा सरकार डरी हुई है। कांग्रेस इससे भयभीत होने वाली नहीं है।

कोतवाली पुलिस ने नोमान अहमद के साथ डा. दीपेन्द्र सिंह, सुधीर यादव, सूर्यमणि पाण्डेय, उमाशंकर त्रिपाठी, राकेश पाण्डेय 'गांधियन', प्रशान्त पाठक आदि को हिरासत में लिया है।

## शीतकालीन सत्र में सपा विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने उठाया शिक्षा, चिकित्सा, सड़क निर्माण से जुड़ा मुद्दा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। विधानसभा के शीत कालीन सत्र में बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने अतारांकित प्रश्नों के माध्यम से शिक्षा, चिकित्सा, सड़क निर्माण, तटबंध, बाढ नियंत्रण, छात्रों की छात्र वृत्ति से सम्बंधित कई मुद्दे उठाये। सम्बंधित मंत्रियों ने उनका उत्तर दिया है। विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री से पूंछा कि प्रदेश में आर.टी.ई. के तहत प्रवेश लेने का मानक क्या है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने बताया कि अशासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दुर्बल आय वर्ग जिनकी वार्षिक आय एक लाख रूपये तक है को 25 प्रतिशत की सीमा तक प्रवेश दिये जाने का मानक



निर्धारित है। उन्होने स्वास्थ्य मंत्री से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों, दवाओं की उपलब्धता के बारे में प्रश्न किया। स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि आवश्यकता के अनुरूप प्रबन्ध किये जा रहे हैं।

विधायक महेन्द्रनाथ यादव

ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री से पूंछा कि प्रदेश के निजी विद्यालयों में छात्रों से फीस, किताबों, स्कूल के ड्रेस के लिये कोई शुल्क निर्धारित किया गया है। क्या सरकार के संज्ञान में है कि अभिभावकों से मनमाना पैसा वसूला जाता है। इस पर मंत्री गुलाब देवी ने बताया कि शिकायतों के निस्तारण के लिये जनदीय शुल्क नियामक समिति का गठन किया गया है। सपा विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने बताया कि उनके द्वारा निरन्तर जनहित से जुड़े मुद्दे उठाये जा रहे हैं किन्तु सरकार के मंत्री सन्तोष जनक उत्तर नहीं दे रहे हैं। बताया कि शीतकालीन सत्र में उनके द्वारा जनहित से जुड़े अनेक मुद्दे लगातार उठाये जा रहे हैं।

## पुण्य तिथि पर याद किये गये कांग्रेस नेता पं. राम मिलन चतुर्वेदी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । मंगलवार को बहादुरपुर विकास खण्ड क्षेत्र के बाबा रामदास माध्यमिक विद्यालय कैथवलिया लाला के परिसर में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पं. राम मिलन चतुर्वेदी को उनके चतुर्थ पुण्य तिथि पर उनके पुत्र राहुल चतुर्वेदी के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में याद किया गया। उपस्थित लोगों ने पं. राम मिलन चतुर्वेदी के चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष के साथ ही कांग्रेस कार्यालय के निर्माण में उनका विशेष योगदान रहा। उनकी निष्ठा कांग्रेस के प्रति समर्पित रही। वे सदैव याद किये जायेंगे। इसी कड़ी में कांग्रेस कार्यालय पर पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने पं. राम मिलन चतुर्वेदी को याद कर स्मृतियों को साझा किया। कहा कि वे कांग्रेस के मजबूत सिपाही थे।



### -जरूरतमंदों में किया कम्बल, वस्त्र का वितरण

कार्यक्रम में राम भवन शुक्ल, दिनेश पाल, गिरजेश पाल, लालजीत पहलवान, बृजेश आर्य, मंजू पाण्डेय, अवधेश सिंह, मुन्ना पाण्डेय, दीन दयाल तिवारी, राजू गुप्ता, सुधीर यादव, सुनील शुक्ल, नीलम विश्वकर्मा आदि ने श्रद्धांजलि सभा में कहा कि पं. राम मिलन चतुर्वेदी निष्ठावान कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता थे। उनके बताये रास्ते पर चलकर कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। उनके पुत्र एवं विद्यालय प्रबंधक राहुल चतुर्वेदी ने कहा कि वे आखिरी सांस तक कांग्रेस में रहे और घर पर भी उन्हें नेताजी कहकर ही बुलाया जाता था। उनकी स्मृतियां सदैव प्रेरणा देती रहेंगी। उनकी स्मृति में कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं एवं जरूरतमंदों को अंगवस्त्र एवं ऊनी वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्रों में स्कूली बैग वितरित किया गया।

कार्यक्रम में चन्द्रशेखर उपाध्याय, असंख्य बल्लभ चौबे, चन्दन चतुर्वेदी, राजकुमार चौबे, पवन उपाध्याय, अरविन्द चौबे, मुन्ना चौबे, संत प्रसाद चौबे, संतराम, हृदयराम आदि ने पं. राम मिलन चतुर्वेदी के साथ बिताये क्षणों को याद करते हुये कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के निर्माण में उन्होने पूरी ताकत लगा दिया। वे हर क्षण कांग्रेस की मजबूती के साथ ही यथासंभव लोगों की सेवा में लगे रहे। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।

पं. राम मिलन चतुर्वेदी को नमन् करने वालों में मुख्य रूप से राजकुमार चतुर्वेदी, नरेन्द्र लाल, महेश, घनश्याम तिवारी, जय प्रकाश चौबे, जगदीश, राम बहोर चौधरी, साधना त्रिपाठी, शिखा त्रिपाठी, विनोद तिवारी, अमरेन्द्र यादव, रजनीश अग्रहरि, वरूण शुक्ल, दीपक शुक्ल के साथ ही परिजन और कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पेन्शनर्स दिवस में उठा नोशनल वेतन वृद्धि का मुद्दा सम्मानित किये गये 100 वर्षीय राम भूलन सिंह

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। मंगलवार को राजकीय कन्या इण्टर कालेज में आयोजित पेन्शनर्स दिवस में सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद अध्यक्ष राम बहोर मिश्र के नेतृत्व में परिषद सदस्यों ने मुख्य विकास अधिकारी को समस्याओं के समाधान के लिये ज्ञापन सौंपा। मांग किया गया कि शासनादेश 21 अक्टूबर 2024 के अनुसार 30 जून और 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक और कर्मचारियों को ठीक अगले दिन 1 जुलाई 01 जनवरी को वेतन वृद्धि नियत होने पर पेंशन की गणना हेतु एक नोशनल वेतन वृद्धि जोड़े जाना सुनिश्चित किया जाय। राम बहोर मिश्र ने कार्यक्रम में मजबूती से अपना पक्ष रखा।

कार्यक्रम में शामिल उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ



जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने मांगों का समर्थन करते हुये कहा कि यदि सेवा निवृत्त शिक्षकों की मांगे न मानी गई तो संघ सदैव उनके साथ आन्दोलन में सहयोग करेगा। इस दौरान 11 वयोवृद्ध पेन्शनरों को सम्मानित किया गया। शिक्षक नेता उदयशंकर शुक्ल और राम बहोर मिश्र ने 100 वर्षीय राम भूलन सिंह को विशेषरूप से सम्मानित करते हुये उनका आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम में अरूणदेव, राम नरायन उपाध्याय, रामफेर यादव, जयन्ती धर दूबे, हरि शर्मा द्विवेदी, रक्षाराम वर्मा, सुरेन्द्र सिंह, शिव कुमार तिवारी, लक्ष्मी गुप्ता, दान बहादुर दूबे, हितलाल, हरिराम तिवारी, राजेश्वर प्रसाद सिंह, अयोध्या प्रसाद पाण्डेय, रामचन्द्र तिवारी, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय के साथ ही अनेक सेवा निवृत्त शिक्षक और पदाधिकारी शामिल रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 18 दिसम्बर 2024 बुधवार

## सम्पादकीय

# मलेरिया पर नियंत्रण

यह सुखद है कि पूरी दुनिया में पिछले दो दशकों में मलेरिया के खिलाफ जंग में आशातीत सफलता मिली है। जिससे जहां मलेरिया के मामलों में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है, वहीं मौत के आंकड़ों में कमी आई है। पिछले दिनों जारी विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि सार्थक प्रयासों से भारत मलेरिया की दृष्टि से अधिक संवेदनशील देशों की सूची से बाहर निकल गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हालिया रिपोर्ट में जिक्र किया है कि भारत में मलेरिया के मामलों में जहां 69 फीसदी की कमी आई है, वहीं इससे होने वाली मौतों में 68 फीसदी की कमी आई है। उल्लेखनीय है कि देश के मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों में सघन अभियान चलाया गया। साथ ही जागरूकता अभियान से भी इस दिशा में लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिली है। दरअसल, मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में मलेरिया उन्मूलन अभियान युद्ध स्तर पर चलाया गया। इसके चलते भारत को डब्ल्यूएचओ ने उन देशों में शुमार किया है जिन्होंने इस दिशा में आशातीत सफलता हासिल की है। सुखद यह है कि मलेरिया से अधिक प्रभावित देशों मसलन अफ्रीकी देशों में नई वैक्सीन के ट्रायल के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। ऐसे में उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि हर साल जो लाखों लोग मलेरिया की चपेट में आते हैं, नई वैक्सीन के प्रभाव से उनकी जान के जोखिम को कम किए जाने में मदद मिल सकेगी। दरअसल, वैक्सीन के फेज–2बी के क्लीनिकल ट्रायल के परिणाम बताते हैं कि वैक्सीन सुरक्षित है और मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में कारगर है। वैक्सीन की प्रभावशीलता पचपन फीसदी बतायी गई है। उल्लेखनीय है कि मशहूर चिकित्सा पत्रिका लैंसेट में प्रकाशित रिपोर्ट बताती है कि वैक्सीन रक्त में मौजूद मलेरिया की वजह बनने वाले परजीवियों के खिलाफ प्रभावी पायी गई है। जिसे जीवन की रक्षा के लिये बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जहां भारत में वर्ष 2017 में मलेरिया के चौंसठ लाख मामले थे, वे वर्ष 2023 में घटकर बीस लाख रह गए। वहीं मलेरिया से होने वाली मौतों पर भी अंकुश लगा है। दरअसल, जागरूकता अभियान से उत्पन्न चेतना तथा चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से मलेरिया उन्मूलन में खासी मदद मिली है। एक अनुमान के अनुसार कोई पौने दो करोड़ मलेरिया के मामलों को टाला गया है। वहीं मलेरिया जोखिम में भी आशातीत गिरावट आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दक्षिण पूर्व एशिया के आठ देश मलेरिया से सर्वाधिक प्रभावित थे। जिसमें भारत में भी स्थिति विगत में चुनौतीपूर्ण थी। दरअसल, विश्व स्वास्थ्य संगठन इस बात को लेकर चिंतित था कि इस क्षेत्र में सघन आबादी के चलते दुनिया की एक चौथाई आबादी निवास करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दक्षिण एशिया के इन देशों में मच्छरों से पैदा होने वाले मलेरिया पर अंकुश लगाने के लिए सहज उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा था। जिससे लोगों के जीवन पर जोखिम को कम किया जा सके। यह तभी संभव था जब मलेरिया के प्रति संवेदनशील लोगों तक सहजता से उपचार पहुंचा सकें। महत्वपूर्ण बात यह है कि जहां भारत, इंडोनेशिया, बांग्लादेश व नेपाल में मलेरिया के मामलों में गिरावट आई है, वहीं म्यांमार, थाईलैंड व दक्षिण कोरिया में मलेरिया के मामलों में वृद्धि का ट्रेंड देखा गया है। यही वजह है कि मलेरिया उन्मूलन पर 2024 की रिपोर्ट जारी करते हुए डब्ल्यूएचओ ने दक्षिण पूर्व एशिया की कमजोर आबादी पर ध्यान केंद्रित करने को इन देशों की सरकारों से विशेष तौर पर कहा है। डब्ल्यूएचओ ने इसके लिये मलेरिया की पहचान, बचाव तथा इलाज की प्राथमिकता सुनिश्चित करने का आग्रह सरकारों से किया है। जिससे मलेरिया के मामलों में गिरावट से लाखों जिंदगियों की रक्षा की जा सके। ऐसे में नई वैक्सीन के उत्साहजनक परिणामों से मलेरिया के संदर्भ में संवेदनशील देशों में इसके खिलाफ लड़ाई को तेज करने में मदद मिलेगी। जो मानवता के लिये एक सुखद संकेत भी है।

# एक साथ चुनाव की दिशा में आगे बढ़ता देश

**–राज कुमार सिंह–**



'एक देश–एक चुनाव' संबंधी विधेयक को कैबिनेट की मंजूरी के साथ ही नरेंद्र मोदी सरकार ने इस दिशा में एक कदम और बढ़ा दिया है। संकेत हैं कि संसद के जारी शीतकालीन सत्र में ही इन विधेयक को पेश भी किया जा सकता है। संभावना है कि विधेयक को पेश करने के बाद संसदीय समिति को भेजा जाएगा, ताकि प्रावधानों पर व्यापक विचार–विमर्श किया जा सके। सरकार समिति के माध्यम से विधेयक पर राज्य विधानसभा अध्यक्षों से भी सलाह चाहती है। दरअसल 'एक देश– एक चुनाव' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पुराना एजेंडा है, लेकिन इस मुद्दे पर शुरू से गहरे राजनीतिक मतभेद हैं। भाजपा और उसके मित्र दलों के अलावा ज्यादातर राजनीतिक दल इस सोच का विरोध करते रहे हैं।

कैबिनेट द्वारा 12 दिसम्बर को 'एक देश– एक चुनाव' संबंधी विधेयक को मंजूरी पर भी विपक्ष से तीखी प्रतिक्रिया आई। दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने 'एक्स' पर लिखा कि देश को 'एक देश–एक शिक्षा' और 'एक देश–एक स्वास्थ्य व्यवस्था' की आवश्यकता है। 'एक देश–एक चुनाव' भाजपा की गलत प्राथमिकता है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने टिप्पणी की कि सरकार 'एक देश– एक चुनाव' की बात करती है, लेकिन एक साथ दो राज्यों में चुनाव कराने में भी असमर्थ है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा कि 'एक देश– एक चुनाव' क्षेत्रीय आवाजों को मिटा देगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे असंवैधानिक और संघीय ढांचे के विरुद्ध बताया।

उधर भाजपा और उसकी अगुवाई वाले राजग के घटक दलों ने इसका स्वागत करते हुए कहा कि इससे राजकोष पर बोझ कम होगा। 'एक देश–एक चुनाव' के पक्ष में ये तर्क भी दिए जाते हैं कि मतदान के प्रति मतदाताओं की उदासीनता कम होगी, बार–बार चुनाव के चलते वोट डालने के लिए प्रवासी श्रमिकों के काम छोड़ कर जाने से आपूर्ति शृंखला और उत्पादन में आने वाले व्यवधान दूर होंगे तथा नीति–निर्माण में निश्चितता आएगी। बार–बार चुनाव के चलते लागू होने वाली आदर्श आचार संहिता से सरकारी कामकाज में आने वाले ठहराव से मुक्ति मिलेगी तथा चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों की तैनाती से उनके मूल काम पर पडने वाले असर से भी बचा जा सकेगा। ध्यान रहे कि 'एक देश–एक चुनाव' की सोच को साकार करने के लिए मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले 1 सितंबर, 2023 को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति बनाई थी, जिसने 15 मार्च, 2024 को अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी थी, जिसे 18 सितम्बर को कैबिनेट ने मंजूरी भी दे दी। तभी से इस बाबत संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक पेश किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

कोविंद समिति ने अपनी सिफारिशों को लागू करने के लिए कुल 18 संविधान संशोधनों का सुझाव दिया है, जिनमें से ज्यादातर के लिए राज्य विधानसभाओं की सहमति की जरूरत नहीं होगी। मसलन, लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने पर संसद से ही संविधान संशोधन पर्याप्त होगा, जबकि सिंगल वोटर लिस्ट और सिंगल वोटर कार्ड के लिए संविधान संशोधन को आधे से अधिक राज्य विधानसभाओं की मंजूरी की जरूरत होगी। विपक्ष के मुकाबले राजग ज्यादा राज्यों में सत्तारूढ़ है, यह देखते हुए ऐसा कर पाना ज्यादा मुश्किल नजर नहीं आता। अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिए कोविंद समिति ने 7 देशों रू स्वीडन, दक्षिण अफ्रीका, जापान, जर्मनी, फिलीपींस, बैल्जियम और इंडोनेशिया की चुनाव प्रणाली का तुलनात्मक अध्ययन किया। वैसे इतिहास के पन्ने पलटें तो पता चलता है कि 'एक देश– एक चुनाव' कोई अनूठा विचार नहीं है। 1951 से ले कर 1967 तक भारत में भी लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते रहे। बाद में राजनेताओं की चुनावी चालों और राजनीतिक अस्थिरता के चलते ही यह प्रक्रिया भंग हुई।

कोविंद समिति का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से संसाधनों की बचत होगी, सामाजिक सामंजस्य बढ़ेगा तथा विकास कार्य भी बाधित नहीं होंगे। अपनी सिफारिशों को लागू करने के लिए कोविंद समिति ने एक कार्यान्वयन समूह गठित करने का भी प्रस्ताव रखा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि एक साथ चुनाव से चुनावी खर्च काफी घट जाएगा, आचार संहिता के चलते प्रशासन पर पडने वाले प्रभाव से भी बचा जा सकेगा, लेकिन उसके खतरे भी हैं। विधानसभा चुनाव अक्सर राज्य के और स्थानीय मुद्दों पर लड़े जाते हैं। एक साथ चुनाव कराने पर क्या राष्ट्रीय मुद्दे हावी और स्थानीय मुद्दे गौण नहीं हो जाएंगे? इसलिए इस संवेदनशील मामले में राजनीतिक आम राय बना कर पूरी तैयारी के साथ आगे बढना ज्यादा बेहतर होगा।

# जाकिर हुसैन के हर थाप में थी भावनाओं की गहराई



**–विवेक शुक्ला–**

**उस्ताद जाकिर हुसैन अपनी अद्भुत तकनीक और तबले पर महारत के लिए सदैव याद किए जाएंगे। उनकी लय और ताल की समझ अविश्वसनीय थी। वे जटिल तालों को भी सहजता से बजाते थे, जिससे संगीत में एक अलग ही रंगत आ जाती थी। जाकिर हुसैन का संगीत सिर्फ तकनीकी कौशल तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भावनाओं की गहराई भी है। उनकी हर थाप में एक कहानी छिपी होती है, जो दर्शकों के दिलों को छू जाती है।**

जाकिर हुसैन सिर्फ तबला नहीं बजाते थे, बल्कि संगीत के साथ संवाद करते थे। वे अन्य संगीतकारों के साथ मिलकर शानदार संगीत बनाते थे। उनके तबला वादन में गहरी भावनाएं होती थीं। वे अपनी कला से खुशी, दुख, उत्साह और शांति जैसे विभिन्न भावों को व्यक्त कर सकते थे । उस्ताद जाकिर हुसैन का एक चित्र महान कत्थक नृतक बिरजू महाराज के राजधानी के शाहजहां रोड के फ्लैट में ड्राइंग रूम में लगा हुआ था। उसमें उस्ताद जाकिर हुसैन और बिरजू महाराज खिलखिला रहे हैं। उसे देखकर बिरजू महाराज कहते थे, उस्ताद जाकिर हुसैन से बेहतर तबला वादक अब कोई पैदा नहीं होगा। ये दोनों ही अपनी–अपनी कलाओं के महारथी थे, और जब वे साथ में प्रस्तुति करते, तो एक जादुई माहौल बन जाता था। उस्ताद जाकिर हुसैन की मृत्यु से सारा देश उदास है।

उस्ताद जाकिर हुसैन अपनी अद्भुत तकनीक और तबले पर महारत के लिए सदैव याद किए जाएंगे। उनकी लय और ताल की समझ अविश्वसनीय थी। वे जटिल तालों को भी सहजता से बजाते थे, जिससे संगीत में एक अलग ही रंगत आ जाती थी। जाकिर हुसैन का संगीत सिर्फ तकनीकी कौशल तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भावनाओं की गहराई भी है। उनकी हर थाप में एक कहानी छिपी होती है, जो दर्शकों के दिलों को छू जाती है।

वो फरवरी का महीना था और साल था 2012 । दिल्ली में जाड़ा पड़ रहा था। उस दिन राजधानी के शास्त्रीय संगीत के रसिया नेहरू पार्क का रुख कर रहे थे उस्ताद जाकिर हुसैन के जादू को देखने के लिए। उस्ताद जाकिर हुसैन ने अपनी उंगलियों और हथेलियों से ऐसी ध्वनियां निकालीं, जो पहले कभी नहीं सुनी गईं थीं। दरअसल उस दिन तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन ने नेहरू पार्क में शिव कुमार शर्मा के साथ जुगलबंदी पेश की थी। करीब सैकड़ों संगीत प्रेमियों के बीच जब दोनों उस्तादों ने तान छेड़ी तो फिर जो समां बंधा, उसे कौन शब्दों में बयां कर सकता है। करीब दो घंटे की जुगलबंदी में दोनों उस्तादों ने अपने चाहने वालों की भरपूर तालियां बटोरीं। अफसोस कि उस जुगलबंदी के दोनों उस्ताद अब संसार में नहीं रहे।

उस्ताद जाकिर हुसैन दिल्ली में बीती आधी सदी से भी अधिक समय से अपने कार्यक्रम दे रहे थे। भारतीय संगीत को उनके खास अंदाज की वजह से अतंर्राष्ट्रीय पहचान मिली थी। उन्होंने दिल्ली में दर्जनों कंसर्ट पेश किए। जाकिर हुसैन ने कमानी सभागार में 2019 में एक यादगार प्रस्तुति दी थी। मौका था श्रीराम कला केन्द्र के संस्थापक लाला चरत राम की याद में आयोजित एक कार्यक्रम का। उसमें श्रीराम कला केन्द्र की प्रमुख शोभा दीपक सिंह ने बताया था कि जाकिर हुसैन श्रीराम कला केन्द्र के कार्यक्रमों में अपने पिता उस्ताद अल्लाह रखा खान के साथ आते थे। जाकिर हुसैन ने जब दिल्ली के कमानी सभागार में प्रस्तुति दी, तो वह एक अविस्मरणीय शाम थी। उनके तबले की गूंज पूरे सभागार में गूंजी व दर्शक मंत्रमुग्ध हुए। कला मर्मज्ञ डॉ. रविन्द्र कुमार उस्ताद के निधन का समाचार सुनकर कहने लगे, जाकिर हुसैन का कोई सानी नहीं था। उनकी उंगलियां तबले पर ऐसे चलती थी जैसे कोई जादू हो। उनकी लयकारी व ताल की समझ अद्भुत थी। वे हर ताल को नए अंदाज में पेश करने में माहिर थे ।

उस्ताद जाकिर हुसैन की लय पर पकड़ अद्भुत थी। उनकी उंगलियां तबले पर इस तरह नाचती थीं कि हर ताल और लय स्पष्ट और सटीक होती थी। वह पारंपरिक तबला वादन में तो माहिर थे ही, साथ ही उन्होंने अपनी तकनीक में कई नए तत्वों को भी जोड़ा। वे विभिन्न प्रकार की तालों और लय में कुशलता से तबला बजाते थे। उनकी गति अविश्वसनीय थी। वे बहुत तेज गति से तबला बजा सकते थे, लेकिन उनकी सटीकता और स्पष्टता कभी कम नहीं होती।

जाकिर हुसैन सिर्फ तबला नहीं बजाते थे, बल्कि संगीत के साथ संवाद करते थे। वे अन्य संगीतकारों के साथ मिलकर शानदार संगीत बनाते थे। उनके तबला वादन में गहरी भावनाएं होती थीं। वे अपनी कला से खुशी, दुख, उत्साह और शांति जैसे विभिन्न भावों को व्यक्त कर सकते थे । वे भारतीय शास्त्रीय संगीत के साथ–साथ जैज और फ्यूजन संगीत में भी माहिर थे। उन्होंने विभिन्न संस्कृतियों के संगीत को एक साथ मिलाकर एक नई शैली बनाई।

जाकिर हुसैन ने कई युवा तबला वादकों को प्रेरित किया। उन्होंने तबला वादन को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाया। वे हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते थे। उन्होंने तबले वादन के क्षेत्र में कई नए प्रयोग किए और इस कला को आगे बढ़ाया।

वे दुनिया के सबसे प्रसिद्ध और सम्मानित तबला वादकों में से एक थे। उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार और सम्मान जीते हैं। इतने बड़े कलाकार होने के बावजूद, जाकिर हुसैन बहुत ही सरल और विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे। वे अपने संगीत के प्रति पूरी तरह से समर्पित थे और हमेशा सीखने के लिए तैयार रहते थे। वे अपने संगीत और दर्शकों के प्रति गहरा प्यार रखते थे। वे दर्शकों के सवालों के जवाब देते थे, उनसे बतियाते थे। उस्ताद जाकिर हुसैन को भारत और दुनियाभर में बसे उनके चाहने वाले सदैव याद रखेंगे।

# अपनों के निशाने पर कांग्रेस

**–उमेश चतुर्वेदी–**



संविधान पर संसद में विशेष बहस पर अपने नेताओं प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी के भाषणों को लेकर जिस वक्त कांग्रेस गद्‌गद् हो रही थी, उसी वक्त उस पर कश्मीर की वादियों से सियासी गर्मी का जबर्दस्त झोंका आया। जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस को सीधे–सीधे सलाह दे डाली कि ईवीएम का रोना छोड़ो और अपनी हार को स्वीकार कर लो। दिलचस्प यह है कि लोकसभा के अपने पहले भाषण में संविधान पर चर्चा के दौरान प्रियंका वाड्रा ने कहा था कि ईवीएम हटा दो, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। प्रियंका के इस बयान के ठीक बाद सामने आए उमर अब्दुल्ला के ये शब्द महज बयान नहीं है, बल्कि इसके कई राजनीतिक अर्थ हैं।

उमर के इस बयान को ममता बनर्जी और रामगोपाल यादव की अभिव्यक्ति की अगली कड़ी के रूप में रखा जा सकता है। यहां एक बार फिर दोहरा देना उचित ही होगा कि इंडिया गठबंधन के अघोषित अगुआ को रूप में राहुल गांधी को नकार चुकी हैं और समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव कांग्रेस की अगुआई को ही नकार चुके हैं। उमर अब्दुल्ला ने अपने बयान के जरिए एक तरह से साफ कर दिया है कि कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व में उनका भरोसा नहीं है। आज की राजनीति जिस बिंदु पर पहुंच चुकी है, उसमें अगुआ की हर गलत–सही बात का समर्थन करना ही अनुयायियों की पहली शर्त बन गई है। तार्किक आधार पर समर्थन और विरोध की सोच को हमारे समाज ने सिरे से नकार दिया है। यह नकार राजनीति में सबसे ज्यादा नजर आता है। अगुआ की बात को अनुयायी ने स्वीकार नहीं किया तो उसे सीधे–सीधे नाफरमानी या अनुशासनहीनता माना जाता है। दलीय व्यवस्था में ऐसे नकार की सजा निष्कासन और निलंबन तय है। चूंकि इंडिया गठबंधन औपचारिक कोई दल नहीं, बल्कि दलों का समूह है, लिहाजा यहां वैसी अनुशासनिक व्यवस्था नहीं है। इसके बावजूद मोटे तौर पर गठबंधनों के बीच एक समझ रही है कि गठबंधन और उसके अगुआ की सेहत पर असर ना पड़े, ऐसी बयानबाजी से दूर रहा जाए।

लेकिन ममता बनर्जी, रामगोपाल यादव और उमर अब्दुल्ला के बयान के संदेश साफ हैं। संदेश यह है कि कांग्रेस की अगुआई में उन्हें नरेंद्र मोदी को चुनौती दे पाने की ताकत राहुल गांधी में नहीं दिखती। इन बयानों का एक संदेश यह भी है कि राहुल गांधी की अगुआई में इन दलों का कम से कम राष्ट्रीय स्तर पर कोई भविष्य नहीं है। लेकिन उमर अब्दुल्ला इससे आगे का भी संकेत दे रहे हैं। ईवीएम के बहाने वे कांग्रेस को यह भी संदेश दे रहे हैं कि 'मीठा–मीठा गप और कड़वा–कड़वा थू' की वैचारिक सोच वाली राजनीति लंबे समय तक नहीं चल सकती। यह कैसे हो सकता है कि जिस ईवीएम के सहारे आप अमेठी और वायनाड जीतने के बाद आप जश्न में डूब सकते हैं, जिसके सहारे 55 से 99 सीटों पर पहुंच जाते हैं तो इसे अपनी भारी जीत बताते हैं, जिस ईवीएम के ही सहारे जब आप कर्नाटक, हिमाचल और झारखंड और यहां तक कि कश्मीर जीत जाते हैं तो इसे नरेंद्र मोदी की हार बताने लगते हैं, लेकिन अगर चुनावी रणनीति में मात खाने के बाद सत्ता की दौड़ में पीछे रह जाते हैं तो ईवीएम को दोषी ठहराने लगते हैं। यह दोहरापन नहीं चलने वाला। इसे जनता भी समझने लगी है।

अगर ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी। अगर ईवीएम पर संदेह करने वाले दल चुनाव प्रक्रिया से बाहर हो जाएं तो विपक्ष विहीन चुनाव को जनता भी स्वीकार नहीं कर पाएगी और उस चुनाव को सहज लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अंग नहीं माना जा सकेगा।

ऐसे में सरकार और चुनाव आयोग दबाव में आ सकते हैं। लेकिन ऐसा करने के लिए ईवीएम पर संदेह करने वाले दलों में साहस होना चाहिए। दुर्भाग्य से ऐसा साहस कोई दल दिखाता नजर नहीं आ रहा। इसकी वजह यह है कि कोई भी दल संसदीय राजनीति के उस रसूख को छोड़ने का साहस नहीं रखता, जो उसे सांसद या विधायक बनने के बाद हासिल होता है। इन दलों और उनके नेताओं को पता है कि संसद और विधानमंडल से बाहर रहने के बाद उनकी बातें गौर से सुनीं नहीं जातीं और उनके शब्दों को तवज्जो भी नहीं मिलता। इसलिए वे ईवीएम पर सवाल भी उठा रहे हैं और उसी ईवीएम के जरिए संसदीय कुर्सियों पर भी काबिज रहना चाहते हैं। यह भी एक तरह से चारित्रिक दोहरापन ही है और उमर अब्दुल्ला का यह बयान उस दोहरापन से खुद को अलग करने की कोशिश भी हो सकता है।

वैसे कांग्रेस के लोगों से ऑफ द रिकॉर्ड बात कीजिए तो वे भी मानते हैं कि चाहे ईवीएम का मुद्दा हो या किसानों का आंदोलन, उनके लिए सिर्फ कवरअप के मुद्दे हैं। कवरअप यानी बचाव का मुद्दा। पार्टी के अंदरूनी सूत्र भी मानते हैं कि जिन कृषि कानूनों के विरोध में कांग्रेस राजनीति कर रही है, उन्हें उसकी ही सरकार ने तैयार किया था। ईवीएम का चलन 2004 में पूरी तरह शुरू हुआ। जिसमें कांग्रेस की अगुआई वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए को जीत मिली थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने थे। तब तो कांग्रेस को यह जीत बहुत पसंद आई थी। इसके अगले यानी 2009 के चुनाव में भी यूपीए को दूसरी बार जीत मिली। तब भी ईवीएम पर कम से कम कांग्रेस की ओर से सवाल नहीं उठा। तब लालकृष्ण आडवाणी खेमे की ओर से ईवीएम पर सवाल उठा तो उसे सिरे से खारिज कर दिया गया। इसके बाद आडवाणी के लोगों ने उसे तूल नहीं दिया। लेकिन 2014 के बाद से लगातार ईवीएम पर कांग्रेस की ओर से लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। जबकि कांग्रेस भी जानती है कि ईवीएम में दोष नहीं है, उसकी नीतियों में ही कमी है, जिसकी वजह से वोटर उसे स्वीकार नहीं कर पा रहा है।

ऑफ द रिकॉर्ड अगर कांग्रेसी नेताओं से बात होती है तो वे मानते हैं कि किसान कानून और ईवीएम का विरोध दरअसल उसके लिए बचाव के मुद्दे हैं। कांग्रेस इन मुद्दों के जरिए अपनी नाकामियां छिपाती रहती है। उदाहरण के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर यादव के हालिया बयान को लेकर उनके खिलाफ कपिल सिब्बल की अगुआई में महाभियोग चलाना कुछ–कुछ वैसा ही मामला होने जा रहा है, जैसा 1986 में शाहबानो को गुजारा भत्ता देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए संसद से नया कानून बना दिया गया था। बहुसंख्यक सोच जबकि इसके खिलाफ थी, कुछ इसी तरह शेखर यादव के बयान को

लेकर महाभियोग चलाने के फैसले से बहुसंख्यक वोट बैंक सहमत नहीं है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को लेकर बहुसंख्यक समाज में विरोध के सुर भले ही खुले तौर पर ना उठें, लेकिन चुनावी मैदान में इसे लेकर बहुसंख्यक वोट बैंक अपना गुस्सा निकाल सकता है। फिर भी कांग्रेस अपनी हार के लिए अपने रूख को लेकर सवाल नहीं उठाएगी, अपने भीतर झांकने की कोशिश नहीं करेगी,बल्कि वह ईवीएम को ही बहाना बनाएगी। बहरहाल उमर अब्दुल्ला के बयान के बाद कांग्रेस को सबक सीखना होगा। उसे स्वीकार करना होगा कि उसकी बेतुकी बयानबाजी पर सिर्फ सत्ता पक्ष ही नहीं, उसके साथियों को भी एतराज है। उसे यह भी स्वीकार करना होगा कि अगर उसने नीतियां नहीं बदलीं तो उसके नेतृत्व को लेकर विपक्षी गठबंधन में भरोसा कायम नहीं रह पाएगा। जिसका असर आने वाले दिनों में होने जा रहे दिल्ली और बिहार जैसे राज्यों के चुनाव नतीजों में दिख सकता है।

## आधी रात गश्त लगा रहे दारोगा की बिगड़ी हालत, इलाज के दौरान मौत





**संवाददाता—बहराइच।** रामगांव थाने में तैनात उप निरीक्षक की सोमवार देर रात पैदल गश्त के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। साथ में मौजूद पुलिस कर्मी ने इसकी जानकारी थानाध्यक्ष आलोक सिंह को दी। आनन– फानन में सभी लोग उन्हें इलाज के लिए लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। रामगांव थाने में तैनात उप निरीक्षक की सोमवार देर रात पैदल गश्त के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। साथ में मौजूद पुलिस कर्मी ने इसकी जानकारी थानाध्यक्ष आलोक सिंह को दी। आनन– फानन में सभी लोग उन्हें इलाज के लिए लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने जांच पड़ताल के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। उप निरीक्षक की मौत से महकमे में शोक छा गया। वह देवरिया जिले के रहन वाले थे। सूचना मिलते ही उनके परिजन शहर पहुंच गए है।

देवरिया जिले के भटनी थाने के पिपरा बिट्ठल के रहने वाले 58 वर्षीय शिव प्रकाश दुबे रामगांव थाने में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात थे। वह सोमवार की देर रात इलाके में पैदल गश्त कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी उनकी तबीयत बिगडी । साथ गए सिपाहियों ने तत्काल इसकी सूचना थानाध्यक्ष को दी। उन्हें आनन– फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां रात दो बजे उनकी मौत हो गई ।

इस मामले में थानाध्यक्ष आलोक सिंह ने बताया कि जनपद देवरिया निवासी उप निरीक्षक शिवप्रकाश दुबे बीते पंद्रह महीने से थाने में तैनात थे। 2022 में महाराजगंज जिले में दरोगा के पद पर प्रोन्नति हुई थी। सोमवार देर रात अचानक उनकी तबीयत खराब होने पर उन्हें एंबुलेंस की मदद से सभी लोग लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान रात दो बजे के करीब मौत हो गईं। मृतक उप निरीक्षक के परिजनों को सूचना देने के साथ उनका पोस्टमार्टम कराया गया है।

## लिच्छवी एक्सप्रेस के पहिए से निकला धुआं, 37 मिनट खड़ी रही ट्रेन



**संवाददाता—देवरिया।** देवरिया जिले के सलेमपुर रेलवे स्टेशन के समीप मंगलवार की सुबह लिच्छवी एक्सप्रेस के पहिए से धुआं निकलने लगा। जांच के बाद ब्रेक शू ठीक कर ट्रेन को रवाना किया गया। इस दौरान करीब 37 मिनट तक लिच्छवी एक्सप्रेस सलेमपुर जंक्शन पर खड़ी रही। दिल्ली से आने वाली लिच्छवी एक्सप्रेस(14006) मंगलवार की सुबह 10रू00 बजे सलेमपुर पहुंची। इस दौरान ट्रेन के —4 बोगी के पहिए से धुआं निकलते हुए देख लोगों ने इसकी जानकारी गार्ड और चालक को दी। गार्ड और चालक ने मौके पर पहुंच कर देखा तो पहिए का ब्रेक जाम हो गया था जिसके चलते धुआं निकल रहा था। रेलवे के कर्मचारियों ने ब्रेक का जाम छुड़ाया इसके बाद धुआं निकलना बंद हुआ। इस दौरान करीब 37 मिनट तक सलेमपुर में लिच्छवी एक्सप्रेस खड़ी रही। पूरी जांच पड़ताल के बाद 10:37 बजे ट्रेन को यहां से भटनी के लिए रवाना कर दिया गया। सलेमपुर के स्टेशन मास्टर ने बताया कि पहिया से धुआं निकालने की जानकारी मिली थी। ब्रेक जाम होने के चलते ऐसा हुआ। ब्रेक का जाम छुड़ाकर ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

## तालाब से बरामद हुआ अज्ञात व्यक्ति का शव, हत्या की आशंका



**संवाददाता—श्रावस्ती।** नहर किनारे स्थित तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही एसपी व सीओ ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया। हरदत्तनगर गिरंट थाना क्षेत्र के सिटकहना गांव के दक्षिण में स्थित मंदिर के पास तालाब में मंगलवार सुबह एक व्यक्ति का शव पानी में पड़ा था। साथ ही तालाब के पास बने मड़हे में खून बिखरा हुआ था। सुबह मंदर के पुजारी रिक्खीराम पूजा अर्चना करने मंदिर पहुंचे तो उन्होंने मड़हे में खून के ध ब्बों को देखा। साथ ही खून की छींटें तालाब तक दिख रही थी। वह तालाब के किनारे पहुंचे तो पानी में अज्ञात लाश पड़ी थी। इस पर पुजारी ने ग्रामीणों को जानकारी दी और देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर गिरंट थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय, फोरेंसिक टीम प्रभारी नितिन यादव मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को तालाब से निकलवा कर कब्जे में ले लिया वहीं फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य संकलित किया। घटना की जानकारी होने पर एसपी घनश्याम चौरसिया व सीओ संतोष कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया। पुलिस की ओर से शव की शिनाख्त कराई गई लेकिन पहचान नहीं हो सकी। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। शव की स्थिति देखते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक का सिर फटा हुआ और रक्तरंजित था। वहीं मड़हे में भी खून के धब्बे मिले हैं। ऐसे में आशंका है कि किसी ने हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया है।

## भवनियापुर बनघुसरी में गायत्री यज्ञ एवं चिकित्सा शिविर लगा

**संवाददाता—बहराइच।** निरंकार प्रसाद निर्मला देवी स्मारक समिति की ओर से मिहींपुरवा तहसील के ग्राम भवनियापुर बनघुसरी में विशाल गायत्री यज्ञ एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गायत्री परिवार शक्ति पीठ बहराइच व नानपारा से आये मनीषियों ने यज्ञ एवं देव पूजन, प्रवचन व पूर्णाहुति कराई। यज्ञ एवं शिविर का आयोजन भाजपा के नानपारा विधानसभा संयोजक आनंद प्रकाश श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में गायत्री स्तुति व कीर्तन, पूर्णाहुति एवं भंडारा के साथ ही गरीबों को कंबल भी वितरित किए गए। चिकित्सा शिविर में मधुमेह, रक्तचाप एवं नेत्र विकार की निशुल्क जांच की गई। इसके अलावा ग्रामीणों को अस्वस्थता के आधार पर बुखार, पेट, बदन दर्द, त्वचा रोग आदि की दवाइयां भी दी गईं। किशोरियों एवं महिलाओं को उदर विकार, माहवारी एवं गर्भाधान संबंधी विशिष्ट जानकारियां अच्छे चिकित्सकों द्वारा दी गईं। इस दौरान तहसीलदार मिहिपुरवा अम्बिका चौधरी, लेखपाल हेमंग श्रीवास्तव, अमवा हुसैनपुर पीएचसी से डॉ. अवधेश सिंह, निजाम खान, महेन्द्र कुमार वर्मा, आशा अंजुलता श्रीवास्तव के अलावा डॉ. राघबेंन्द्र बाजपेई, डॉ. शेखावत, डॉ. शिब्ली मजहर, आधुनिक पैथोलॉजी संचालक गगन श्रीवास्तव, उन्नति डाइग्नोस्टिक संचालक डॉ. राज श्रीवास्तव, पाण्डेय ऑप्टिकल्स आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में अनुराग श्रीवास्तव, आत्म प्रकाश श्रीवास्तव, चतुर्भुज सहाय हिमांशु, अमितांशु, उमाकांत सहित तमाम कायस्थ परिवार का सहयोग रहा।

## सर्जन और तीमारदार में विवाद के दौरान दो घंटे बंद रही ओपीडी

**संवाददाता—बलरामपुर।** जिला मेमोरियल अस्पताल में मंगलवार को मरीज–तीमारदार व सर्जन आपस में भिड़ गए। इसके बाद भारी हंगामा हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को तितर वितर किया। इस दौरान करीब दो घंटे तक अस्पताल की ओपीडी बाधि त रही। मरीज पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है, जिसमें सर्जन पर अपशब्द और गाली देने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरी ओर सर्जन ने सीएमएस को अपना पक्ष देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोग उनके ऊपर हमला करने आए थे, जिसके कारण ओटी में एक घंटे तक छिपना पड़ा।

जिला मेमोरियल अस्पताल में मरीज, तीमारदार और डॉक्टरों के बीच आए दिन बवाल हो जाता है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को सामने आया। नगर के सिटी पैलेस निवासी 63 वर्षीय कृष्ण प्रताप सिंह ई–रिक्शा के टक्कर में चोटिल हो गए थे। इनका इलाज कराने के लिए पुत्र कुशाग्र मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे अस्पताल के अर्थोपेडिक विभाग में गए थे। पता चला कि चिकित्सक ऑपरेशन कर रहे हैं। वह लगभग घंटे तक वहां बैठे रहे। इस दौरान एक कर्मचारी ने उन्हें यह आकर बताया कि वह चिकित्सक को ओटी के बाहर कक्ष में दिखा सकते हैं। कुशाग्र सिंह का आरोप है कि जब वह अपने पिता को लेकर ओटी के बाहर कक्ष में गए और वहां बैठे तो थोड़ी देर बाद यहां के सर्जन डॉ बृजेश यादव वहां पहुंच गए। आरोप है कि सर्जन डॉ बृजेश यादव ने कहा कि तुम लोग कैसे बैठे हो। जब यह कहा गया कि डॉक्टर ने बुलाया है तो भी वह नहीं मानें और उनसे अभद्रता किया। कहा कि अगर यह मेडिकल कॉलेज होता तो तुम लोगों के जैसों को यहां घुसने नहीं दिया जाता। मरीज के तीमारदार का आरोप है कि सर्जन ने उनके प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां दी। जिसके बाद वे लोग आक्रोशित हुए। उनका आरोप है कि चिकित्सक ने उनके ऊपर हमलावर होकर कॉलर पकड़ने की कोशिश की। जिसके बाद कुशाग्र ने 112 नम्बर पर फोन कर पुलिस को बुलाया।

शैलेश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि घटना क्रम में कुशाग्र सिंह की ओर से तहरीर मिली है। चिकित्सक पक्ष से अभी तक कोई प्रार्थना–पत्र नहीं प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## पेंशनर्स दिवस पर 25 वयोवृद्ध किए गए सम्मानित

**संवाददाता—गोण्डा।** पेंशनर्स दिवस पर मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में 25 पेंशनरों को सम्मानित किया गया। शासन के निर्देश पर जिला पंचायत सभागार में किए गए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम आलोक कुमार ने की। जिसमें सैकड़ों पेंशनर्स व जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। शुभारंभ पेंशन के प्रणेता स्वर्गीय धर्म स्वरूप नाकरा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। संचालन सहायक कोषाधिकारी नजमी कमाल ने किया। मुख्य कोषाधिकारी श्याम लाल जायसवाल ने आगंतुकों का स्वागत किया व पेंशनर दिवस के औचित्य पर प्रकाश डाला। पेंशनर्स कल्याण संस्था के संयोजक केबी सिंह ने नाकरा के जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं प्रांतीय मंत्री अनिल श्रीवास्तव, शिक्षक एवं कर्मचारी नेता गुलाब चंद्र तिवारी ने इस मौके पर पेंशन संबंधी समस्याएं प्रस्तुत की। बाद में एडीएम ने इसके निराकरण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सीओ सदर आनंद , एसडीएम अवनीश त्रिपाठी, उच्च शिक्षा आयोग के पूर्व सदस्य डॉ शेर बहादुर सिंह, कर्मचारी नेता इंद्रपाल तिवारी आदि ने भी अपने विचार रखे। अंत में मुख्य कोषाधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## महंत जानकी शरण की 21 वीं पुण्यतिथि पर संतों ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या। स्वर्गद्वार स्थित सिद्धपीठ श्री सद्गुरु बधाई भवन मन्दिर के पूर्वाचार्य महंत जानकी शरण महराज की 21 वी पुण्यतिथि पर अयोध्या के संतों महंतों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि श्री महाराज जी अयोध्या के संतों की मणिमाला में से एक थे। श्री महाराज जी भजनानंदी संत थे और निरंतर ठाकुर जी की सेवा करते हुए संत सेवा, गौ सेवा, विद्यार्थी सेवा, अतिथि सेवा करते रहते थे। श्री महाराज जी यही मानते थे की ठाकुर जी की जन्मस्थली पर जो भी जीव है या आया हुआ है वह ठाकुर जी का प्रेमी है, उसको कोई कष्ट ना हो यही मानकर जीवन भर भजन के साथ सेवा करते रहे और सेवा को ही ईश्वर प्राप्ति का रास्ता मानते थे। श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर मंदिर के वर्तमान महन्त राजीव लोचन शरण महाराज ने कहा कि गुरुदेव भगवान अद्वितीय संत रहे, श्री महाराज जी सदैव ही साधु संत समाज को नई दिशा प्रदान कि और हम सभी को उनके बताए हुए पद चिन्हों पर चल रहे है।

श्रद्धांजलि सभा में आए हजारों संतों महंतों का स्वागत सत्कार वर्तमान पीठाधीश्वर महंत राजीव लोचन शरण महाराज ने किया।श्रद्धांजलि सभा में मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास,लक्ष्मण किला के महंत मैथिली रमण शरण,बावन मंदिर के महंत वैदेही बल्लभ शरण, तुलसी छावनी के महंत जनार्दन दास, श्रीराम आश्रम के महंत जयराम दास,महंत जन्मेजय शरण, महंत अवधेश कुमार दास, महंत मनीष दास, महामंडलेश्वर गिरिश दास, नगराम लखन दास, मोतिहारी मंदिर के महंत रामप्रवेश दास,भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित भाजपा के वरिष्ठ नेता विशाल मिश्रा, आलोक मिश्रा सहित हजारों संत महंत उपस्थित होकर श्री महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कोटेदार पर लगाया घटतौली का अरोप, पांच हजार का हुआ जुर्माना

**संवाददाता—बलरामपुर।** विकास खंड हरैया सतघरवा के ग्राम पंचायत कैली में उचित दर विक्रेता पर ग्रामीणों ने घटतौली का आरोप लगाया है। इसको लेकर ग्रामीणों ने प्रर्दशन कर जांच कराते हुए उचित कार्रवाई की मांग जिला प्रशासन से किया है। इस पर पूर्ति निरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय ने शिकायत की जांच करते हुए कोटेदार पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जबकि कोटेदार गुल्ले यादव ने ग्रामीणों द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को निराधार व असत्य बताया है।

सुबराती, शाहजहां, मोहम्मद अयूब खां, साफिया, अब्दुल रहीम, प्रधाने, अफसाना, आबरून निशा, सफीकुन व कस्तूरा आदि लोगों का आरोप है कि पात्र लाभार्थियों के प्रत्येक यूनिट पर कोटेदार खाद्यान्न में कटौती करा है। गेहूं चावल व चीनी में कोटेदार मनमानी तरीके से कटौती कर लाभार्थियों को खाद्यान्न वितरण करता है। विरोध करने पर उल्टा कार्ड धारकों को धमकता भी है।

लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि खाद्यान्न वितरण में कोटेदार पात्र लाभार्थियों व अन्त्योदय कार्ड धारकों से अंगूठा लगवा के बाद दो से तीन किलो तक की राशन में कटौती करते हैं। शाहजहां ने कहा कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर कोटेदार गुल्ले यादव के अनियमितता की शिकायत पूर्व में भी की जा चुकी है, लेकिन विभागीय अधिकारी जांच के नाम पर लीपापोती कर चले जाते हैं। उचित दर विक्रेता पर जांच तक नहीं की जाती। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि शीघ्र ही घटतौली पर अंकुश नहीं लगाई गई तो वे चक्का जाम कर आन्दोलन के लिए बाध्य होंगें। जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी। इस संबंध में क्षेत्रीय खाद्य पूर्ति निरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि ग्रामीणों के शिकायत की जांच की जा चुकी है। लगभग 11 पात्र लाभार्थियों ने घटतौली का बयान दर्ज कराया है। कोटेदार गुल्ले यादव पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। कार्य में सुधार के लिए उन्हें एक मौका देते हुए नोटिस जारी की गयी है। वहीं कोटेदार गुल्ले यादव का कहना है कि गांव में कुछ लोग रंजिशनवश उनपर यह आरोप लगा रहे हैं। उनपर लगाए गए सभी आरोप असत्य एवं निराधार हैं। सभी लाभार्थियों को यूनिट के अनुसार खद्यान्न का वितरण किया जाता है।

## सीनियर चयन ट्रायल में 10 बालिकाएं चयनित

**संवाददाता—श्रावस्ती।** स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला खो–खो प्रतियोगिता का चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। जिसमें 10 बालिकाओं का चयन प्रदेश स्तर खो खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी शिवकुमार यादव ने बताया कि प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला खो–खो प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 27 दिसंबर 2024 को जौनपुर में आयोजित होगा। जिसका जिला स्तरीय चयन ट्रायल मंगलवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल में कुल 34 बालिकाओं ने प्रतिभा किया। जिसमें 10 बालिकाओं का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों का मंडल स्तर पर ट्रायल 18 दिसंबर 2024 को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम गोंडा में आयोजित किया जाएगा।

चयनित खिलाड़ियों में लक्ष्मी राजा वीरेंद्रकांत महाविद्यालय, अन्नू केआरयूबी इंटर कॉलेज,ममता शर्मा अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज,कल्पना,सुमित्रा एवं शिवानी राजकीय बालिका विद्यालय श्रावस्ती एवं संजना देवी, सुहाना बेगम, रिया एवं महिमा देवी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरिहरपुर रानी से मंडलीय ट्रायल के लिए चयनित हुई हैं।

## जंगली जानवर के हमले में बालिका जख्मी, २४ टांके लगे

**संवाददाता—गोण्डा।** लखनऊ–गोरखपुर फोरलेन से सटे महेशपुर गांव के बाइपास मजरे में मंगलवार के सुबह बालिका किसी खूंखार जानवर के हमले मे घायल हो गई। बालिका के गुहार पर दौड़े लोगो की आवाज सुनकर जानवर मौके से भाग निकला। घटना के बाद से ही पूरे मजरे के लोग दहशत में हैं।

सूचना पर मजरे मे पहुंची सरजू घाट चौकी की पुलिस ने छोटे बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने का हिदायत देते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। वन रेंजर ने भी मौके का जायजा लिया है। फोरलेन से चंद कदम के दूरी पर बाइपास मजरे के रहने वाले जय प्रकाश की 10 वर्षीय बेटी जया मंगलवार के सुबह छह बजे के आसपास शौच के लिए जा रही थी। बताया जा रहा है कि रास्ते में एक खेत के बगल खूंखार जानवर उस पर टूट पड़ा। हमले में बालिका के दाहिने कान का ऊपर का हिस्सा सिर से अलग होकर लटक गया। उसे सिर में पीछे की तरफ गंभीर चोटें आई हैं। बालिका के चीखने पर गांव के मनोज यादव और मुन्ना मांझी उसे बचाने के लिए दौड़े। लोगों की आहट सुन मौके से छलांग लगाकर मेड़ पर लगी लोहे की जाली को पार करता हुआ जानवर मौके से भाग निकला। घटना के बाद परिजन बालिका को अयोध्या इलाज के लिए ले गए। उसके कान और सिर में 24 टांके लगे है। इलाज के बाद घर लौटी जया काफी दहशत में दिखी। चार भाई बहनों में सबसे बड़ी जया कक्षा 4 में पढ़ती है। दिनभर गांव की महिलाएं , बच्चे और लोग जया को देखने के लिए उसके घर आते रहे। गांव के लोगो ने बताया कि तेन्दुआ सरीखा खूंखार जानवर पहले मजरे के घर में बांउड्रीवाल फांद कर पहुंचा पर अंदर चौनल गेट बंद होने के बाद बाहर निकल आया और बालिका पर टूट पड़ा।

रेंजर पहुंचे महेशपुर गांव , वन रक्षकों की लगाई ड्यूटीरू टिकरी रेंज के रेंजर अभिषेक सिंह घटना की सूचना पर मंगलवार के अपरान्ह महेशपुर के बाइपास मजरे में पहुंच कर घायल बालिका से मिले। खेतों में बने खूंखार जानवर के पद चिन्हों का फोटो खींच कर उसके पहचान के लिए विभाग के विशेषज्ञों के पास भेजा। साथ ही मजरे में चौबीसों घंटे के लिए दो वन रक्षकों की डयूटी लगाई है।

## सर्वे कार्य में नहीं हुई प्रगति, खण्ड विकास अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**संवाददाता—श्रावस्ती।** सभी निर्धन परिवारों को भोजन व वस्त्र की उपलब्धता तथा अच्छी शिक्षा, चिकित्सा व मकान की सुविधा दिलाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से जीरो पावर्टी उत्तर प्रदेश अभियान की शुरूआत की गई है। जिसका सर्वे काराया जाना है। लेकिन सर्वे कार्य में प्रगति न होने पर सभी खंड विकास अधिकारियों को नोटिस जारी की गई है। बैठक के दौरान डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारियों की ओर से सर्वे कार्य में अपेक्षित प्रगति न करने पर अत्यन्त रोष व्यक्त किया। इसके साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर सर्वे कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्धारित समयावधि में सर्वे का कार्य न पूर्ण कराने पर माह दिसम्बर का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित करने का निर्देश दिया। साथ ही निराश्रित गो–आश्रय स्थलों पर संरक्षित गौवंशों के लिए चारा की व्यवस्था,परिषदीय विद्यालयों में स्वच्छता कार्मिक मजदूर तैनात किये जाने का विवरण, ग्राम पंचायतों में शासकीय भूमि पर शिलापट लगाये जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी भिनगा पीयूष जायसवाल, इकौना ओम प्रकाश, जमुनहा आशीष भारद्वाज, जिला विकास अधिकारी रामसमुझ, डीसी एनआरएलएम राजीव कुमार, तहसीलदार इकौना विपुल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त पेंशन भोगी की समस्याओं का त्वरित हो निराकरण—जिलाधिकारी

**संवाददाता—श्रावस्ती।** पेंशनरों की समस्याओं को सुनने एवं उनका निराकरण किये जाने के लिए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पेंशनरों को फूल माला पहना कर व शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया। पेंशनर दिवस के अवसर पर पेंशनरों ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को बताई। इस पर डीएम ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देश दिया कि पेंशनरों की समस्याओं का अधिकारियों के माध्यम से त्वरित निस्तारण कराया जाय। जिलाधिकारी ने आहरण–वितरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि पेंशनरों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पाए, इसका ध्यान रखा जाय। जो भी पेंशन के प्रकरण लम्बित हैं। उन का निस्तारण कराएं। डीएम ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी के सेवानिवृत होने के 06 माह पूर्व से ही पेंशन के पूरे प्रपत्र पूर्ण कराते हुए सम्पूर्ण कार्रवाई कर ली जाय। ताकि सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी को सेवानिवृत के दिन ही उनके देयकों का भुगतान कर दिया जाय। जिससे उन्हें बार–बार विभागों का चक्कर न लगाना पड़े। पेंशनर दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों ने पेंशनरों को शाल भेंट कर व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी विनीत कुमार, सेवानिवृत्त सहायक कोषाधिकारी अवधेश कुमार यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक गुरुवचन सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डाक्टर अमरनाथ यति, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी राजीव कुमार पाठक सहित कोषागार परिवार के कर्मचारी, पेंशनर संगठनों के पदाधिकारी एवं कलेक्ट्रेट के अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## समाधान योजना के साथ बड़े बकायेदारों पर सख्ती भी

**संवाददाता—गोण्डा।।** पावर कार्पोरेशन की ओर से पहली बार सरचार्ज माफी की एक मुश्त समाधान योजना के साथ बड़े बकाएदारों पर सख्ती शुरु की है। हाल में वीडियो कांफ्रेसिंग में उच्चाधिकारियों की समीक्षा में इस योजना को लेकर रणनीति बनाई गई है। जिसमें अधिक से अधिक राजस्व जुटाने के लिए अभियंताओं को लक्ष्य सौंपा गया है। विभाग की ओर से बिजली बिलों पर फुल सरचार्ज माफी की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत पंजीकरण के साथ बड़े उपभोक्ताओं पर सख्ती भी की जा रही है। कार्पोरेशन के मुख्य अभियंता एमपी सिंह का कहना है कि मंडल में तीन हजार करोड़ रुपये की बकायेदारी को लेकर ज्यादा से ज्यादा राजस्व जुटाने के निर्देश सभी अभियंताओं को दिए गए हैं। वहीं बड़े बकाएदारों को चिह्नित करके उनकी सूची जारी करके संबंधित क्षेत्रों को भेजी गई है। हर क्षेत्रों में रोजाना कैम्प लगाकर बकाएदारों की सूची के अनुसार बकाया वसूली भी किया जा रहा है। इसके लिए उपकेन्द्र स्तर पर टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें कैम्प के साथ में मौजूद होगी। वहीं सभी गतिविधियों पर क्षेत्र के उपखंड अधिकारी भी नजर रखेंगे।

## देवभूमि अयोध्या में भक्त एक साथ तीन प्रकार के यज्ञ का ले रहे हैं लाभ

**—भारतीय बस्ती संवाददाता—**

अयोध्या।मानव जाति के प्रथम पूर्वज महाराज मनु की धरती देवभूमि अयोध्या में शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुआ पंचनारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ विश्व प्रसिद्ध अशर्फी भवन पीठ में श्रीमद् जगतगुरु रामानुजाचार्य श्री स्वामी श्रीधराचार्य महाराज के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति के द्वारा 54 कुंडिया पंचनारायण महायज्ञ के प्रथम दिवस पर यज्ञ मंडप का वास्तु पूजन अंकुर रोपण चक्राव्ज मंडल दिगपाल स्थापना दक्षिण भारत आचार्यों के द्वारा किया गया तथा भगवान लक्ष्मी नारायण प्रभु का ताम्र एवं रजत कलश में पंचामृत विविध प्रकार की औषधि फलों के रस से अभिषेक किया गया और 121 कलश के शोभा यात्रा निकाली गई 108 ब्राह्मण बैठ करके श्रीमद् भागवत महापुराण का पाठ कर रहे हैं। व्यास पीठ पर विराजित स्वामी श्रीधराचार्य जी महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा यज्ञ ही सबसे श्रेष्ठ कर्म है, इस समय अशर्फी भगवान पीठ में आए हुए श्रद्धालुओं को तीन प्रकार के यज्ञ का लाभ प्राप्त हो रहा है। एक यज्ञ कुंड में आहुति प्रदान



करके भगवान श्रीमन नारायण को प्रसन्न किया जा रहा है। दूसरा श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से ज्ञान यज्ञ के द्वारा आत्मा को भोजन प्रदान किया जा रहा है और तीसरा अन्न यज्ञ के द्वारा सभी कर्मों के साधन शरीर को तृप्त किया जा रहा है। जन्म–जन्मांतरों का जब पुण्य उदय होता है, तब मनुष्य के भाग्य उदय होने पर उसे तीर्थ सेवन का अवसर प्राप्त होता है तीर्थ क्षेत्र में रहकर आत्म संयम पूर्वक परमात्मा का पूजन भजन यजन करना चाहिए परमात्मा के द्वारा प्रदान किया गया मानव शरीर ईश्वर की कृति की सर्वश्रेष्ठ संपत्ति है। इस संपत्ति का सदुपयोग सर्वेश्वर श्रीमन नारायण की आराधना में करना चाहिए जिस मनुष्य ने मानव शरीर प्राप्त करके सद्गुरु की शरण में जाकर आत्मोद्धार के लिए पूजन यजन भजन नहीं किया आत्महत्यारा होता है।

## शोषण गर्भ काल से ही शुरू हो जाता है बच्चों का शोषण –सतीश

**संवाददाता—बहराइच।** स्थानीय रिसॉर्ट में मंगलवार को समाजिक संस्था देहात की ओर से बाल समस्याओं पर कार्यशाला का आयोजन किया। मुख्य अतिथि सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन सतीश श्रीवास्तव थे। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर बाल कल्याण की अनेकों योजनाएं संचालित हैं। आंगनबाड़ी उसमें प्रमुख है, बच्चों का शोषण गर्भ काल से शुरू हो जाता है। आंगनबाड़ी से मिलने वाला पौष्टिक आहार महिलाओं को नहीं मिलता। वह जानवरों के लिए बिक जाता है। इसके लिए आम नागरिक को जागरूक होना जरूरी है। हमारा जिला आकांक्षात्मक जिला घोषित है। शासन स्तर पर बच्चों के लिए कई सुविधाएं दी जा रही हैं।

कार्यक्रम को दिव्यांश चतुर्वेदी, सीडब्ल्यूसी श्रावस्ती के विश्राम पासवान ने कहा कि इंग्लिश मीडियम के स्कूलों में खान पान में पिज्जा, बर्गर व चाउमीन आदि परोसे जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। प्रवर्तन अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए सरकार ने अटल आवासीय विद्यालय की योजना प्रारंभ की है। इसमें अनाथ बच्चों को रहने, खाने व पुस्तकों की व्यवस्था फ्री की जाएगी। कक्षा 5 से 12 तक पढ़ाई की जाएगी। पहला विद्यालय कक्षा 6 से 12 मनकापुर गोंडा में खोल दिया गया है। 14 वर्ष के नीचे आयु वाले बच्चों से श्रम नहीं लिया जाएगा। 17 वर्ष 11 माह 29 दिन का बच्चा माइनर है। गोष्ठी को रुपईडीहा के चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य, श्रावस्ती से आई गुलशन जहां, दिनेश विश्वकर्मा, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल रुपईडीहा शाखा के अध्यक्ष शैलेश जायसवाल, महामंत्री योगेन्द्र शर्मा व संजय वर्मा सहित कई वक्ताओं ने बाल समस्याओं पर विवेचना की व समाधान सुझाये। अतिथियों ने अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम विरुद्ध जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके आवास पर किया गया नजर बन्द

**संवाददाता—श्रावस्ती।** श्रावस्ती में कांग्रेस के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मोहम्मद नसीम चौधरी ने बताया कि 18 दिसंबर को लखनऊ में विधानसभा घेराव का आयोजन किया गया था। कांग्रेस के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मोहम्मद नसीम चौधरी ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर 18 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से लखनऊ में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से विधानसभा घेराव का आयोजन किया गया था। जिसमें श्रावस्ती से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का लखनऊ जाने का कार्यक्रम था। लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को उनके आवास पर नजर बन्द किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार रात से कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मोहम्मद नसीम चौधरी व अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पुलिस प्रशासन ने आवास पर नजर बन्द कर दिया है। इसके साथ ही पीसीसी अध्यक्ष विद्यामणि त्रिपाठी, निर्वमान जिला उपाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, निर्वमान जिला महासचिव आदिलशाह, वसीउल्ला चौधरी, दिलीप शर्मा एडवोकेट व कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ताओं को भी नजर बंद किया गया।

# ऑर्डर दो, फिर मंडी पहुंच जाती है चीन के लहसुन की बड़ी खेप

**संवाददाता–गोरखपुर।** मंडी में चीन वाला लहसुन धड़ल्ले से बिक रहा है। अपने फायदे के लिए धंधेबाज आपकी सेहत से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। नेपाल से होकर आ रहे इस लहसुन की धंधेबाजी के नेटवर्क में महिलाएं भी शामिल हैं। ये महिलाएं झोलों में सैंपल लेकर मंडी में पहुंच रही हैं। वे कहती हैं– बड़ी खेप का ऑर्डर दो..। ऑर्डर देते ही प्राइवेट गाड़ी से लहसुन की खेप पहुंचा दी जाती है। साहबगंज मंडी में नेपाल से सटे इलाकों से चीन के लहसुन की सप्लाई हो रही है। महराजगंज बड़ा केंद्र है। सिद्धार्थनगर सीमा की ओर से भी तस्करी हो रही है। सोमवार को मंडी की करीब आधी दुकानों पर चीन का लहसुन बिक रहा था। दुकानों पर देसी और चीनी दोनों लहसुन रखा था। चीन का लहसुन बेचने वाले एक व्यापारी ने बताया कि यह साइज में बड़ा होता है और इसको छीलना भी आसान है। देखने में यह साफ–सुथरा लगता है और सस्ता भी है, जिससे आसानी से बिक जाता है। चीन का लहसुन जल्दी खराब भी नहीं होता। वहीं, देसी लहसुन महंगा होने की वजह से जल्दी नहीं बिकता। सूत्रों ने बताया कि चीन का लहसुन चोरी–छिपे मंडी में पहुंचाया जाता है। नेपाल बॉर्डर से सटे इलाकों की रहने वाली महिलाएं एक झोले में करीब 10 से 15 किलो लहसुन लेकर आती हैं। वे नकहा तक ट्रेन से आती हैं, उसके बाद ऑटो से मंडी में आती हैं। फिर उसे दुकानों पर बेच देती हैं। उनको यह भी पूछ लेती हैं कि यदि ज्यादा मात्रा में लहसुन चाहिए तो सप्लाई भी हो जाएगी। जो भी व्यापारी ऑर्डर देता है, उसके लिए सुबह के समय एक बड़ी कार में बोरे में लहसुन रखकर पहुंचा दिया जाता है। कार में माल लाने की वजह से किसी को शक भी नहीं होता और बोरे उतर जाते हैं। साहबगंज मंडी के एक व्यापारी ने बताया कि सुबह के समय चीन का लहसुन लेकर चार से पांच गाड़ियां आ रही हैं। एक गाड़ी में करीब ढाई से तीन क्विंटल तक लहसुन रहता है। इसको ये चुपके से उतारकर चले जाते हैं। आम कार देखकर किसी को इनपर शक भी नहीं होता। साहबगंज मंडी की करीब 50 प्रतिशत दुकानों में यह लहसुन बेचा जा रहा है। मंडी में रोजाना करीब 12 क्विंटल चीन के लहसुन की खपत हो रही है। साहबगंज मंडी में यह लहसुन 240 से 260 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है। देसी लहसुन 320 रुपये से 400 रुपये तक बिक रहा है। 80 से 100 रुपये सस्ता और साफ–सुथरा दिखने की वजह से लोग इसे जमकर खरीद भी रहे हैं। साहबगंज मंडी में चीन का लहसुन 240 से लेकर 260 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। यदि किसी को ज्यादा मात्रा में लेनी है तो चीन के लहसुन की कीमत 220 रुपये तक भी लग जा रही है। बाजार में चीन का लहसुन काफी आम हो गया है। इससे वे व्यापारी परेशान हैं, जो देसी लहसुन बेचते हैं। लहसुन के थोक कारोबारी पवन सिंह ने बताया कि चीन के लहसुन की वजह से मंडी में काम खराब हो गया है। देसी लहसुन की बिक्री काफी प्रभावित हो गई है। खुलेआम ठेलों और फुटकर दुकानों पर चीन का लहसुन बेचा जा रहा है। चूंकि यह देसी लहसुन से सस्ता है, इसकी वजह से आसानी से बिक जा रहा है। ऐसे में देसी लहसुन बेचने वाले दुकानदारों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। चीन के लहसुन की बिक्री पर रोक लगाना चाहिए। उमेश मद्धेशिया, अध्यक्ष, साहबगंज किराना कमेटी ने कहा कि महेवा सहित विभिन्न जगहों से चीन का लहसुन मंगवाकर व्यापारी बेच रहे

# सर्द रातों में असहायों की सुध ले रही योगी सरकार बेसहारों को रैन बसेरे तक पहुंचा रहे अधिकारी



**संवाददाता–गोरखपुर।** शीतलहर और सर्द मौसम का सर्वाधिक प्रभाव निराश्रित, असहाय, कमजोर और गरीब तबके पर पड़ता है। शहरी व कस्बाई क्षेत्र में तो कई ऐसे असहाय और गरीब होते हैं जिनके लिए ठंड भरी रातों में वक्त गुजारना मुश्किल होता है। विगत सालों की भांति एक बार फिर योगी सरकार ने सर्द रातों में असहायों की सुध लेने का अभियान शुरू किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा और स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान तले न सोये, उसे निकटतम रैन बसेरों में आश्रय दिया जाए। मुख्यमंत्री के इस निर्देश पर प्रशासन के अफसरों ने रात्रिकालीन निरीक्षण और भ्रमण का अभियान चलाकर खुले आसमान तले मिलने वाले गरीबों और असहायों को रैन बसेरों में सम्मानजनक तरीके से आश्रय देने की पहल की है। ठंड के प्रतिकूल मौसम में गरीबों और निराश्रितों की सुविधा व सहूलियत के लिए मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में दिए गए दिशानिर्देश के क्रम में प्रदेश के राहत आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को एक परिपत्र जारी कर कहा है कि शीतलहर के दौरान कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोये, उन्हें निकटतम रैन बसेरों में विस्थापित किया जाए।

राहत आयुक्त के परिपत्र के अनुपालन में गोरखपुर जिला प्रशासन ने नगर मजिस्ट्रेट, सभी अपर नगर मजिस्ट्रेट, सभी एसडीएम और सभी तहसीलदारों को रात्रिकालीन अभियान में जुटने को निर्देशित किया है। गोरखपुर के अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं आपदा के प्रभारी अधिकारी विनीत कुमार सिंह के मुताबिक बढ़ते शीतलहर को देखते हुए निराश्रित, असहाय, कमजोर और गरीब व्यक्तियोंध्परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक है कि प्रतिदिन वृहद अभियान चलाकर सड़क किनारे सो रहे लोगों को रैन बसेरों तक पहुंचाया जाए। साथ ही पात्र व्यक्तियों को कंबल उपलब्ध कराया जाए और पर्याप्त संख्या में अलाव की व्यवस्था की जाए। सीएम योगी की मंशा और इस निमित्त जारी राहत आयुक्त के निर्देश के अनुपालन में सड़क किनारे सोने वालों को रैन बसेरों में पहुंचाने, अलाव के इंतजाम देखने के लिए अफसरों ने सोमवार रात से भ्रमणशील रहते हुए निरीक्षण शुरू कर दिया है। इसके तहत सोमवार रात सड़क किनारे सोते मिले कई व्यक्तियों को अधिकारियों ने निकट के रैन बसेरों में पहुंचाया। अधिकारियों ने रैन बसेरों में बिस्तर, कंबल की उपलब्धता और साफ सफाई का भी जायजा लिया।

गोरखपुर के नगरीय क्षेत्र में 14 रैन बसेरे संचालित हैं। इनमें से चार रैन बसेरों का 10 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण भी किया था। साथ ही उन्होंने तीन नए रैन बसेरे बनाने के भी निर्देश दिए थे। गोरखपुर शहर क्षेत्र के अलावा सभी नगर पंचायतों में भी एक–एक रैन बसेरे संचालित हैं।

# धर्मसिंहवा,कोपिया का बौद्ध टीला बनेगा पर्यटन स्थल

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** पर्यटकों को लुभाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। कबीर की परिनिर्वाण स्थली पर जहां विकास के कार्य कराए जा रहे हैं वहीं बखिरा पक्षी बिहार को भी पर्यटन की दृष्टिकोण से विकसित किया जा रहा है। प्रशासन ने अब गौतम बुद्ध से जुड़े स्थलों को विकसित करने का प्रस्ताव तैयार कर पर्यटन विभाग के जरिए शासन को भेजा है। इसमें धर्मसिंहवा और कोपिया बौद्ध टीला शामिल है। इस पर करीब दस करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। धर्मसिंहवा कस्बे में लगभग 2700 वर्ष पुराना बौद्ध स्तूप है, यह काफी समय से उपेक्षित पड़ा है। अगस्त 2020 में बारिश के कारण स्तूप भरभरा कर गिर गया था। इसके बाद पर्यटन विभाग को बौद्ध स्तूप के पुनरुद्धार के लिए 48 लाख रुपये अवमुक्त हुए थे। इस बीच बौद्ध स्तूप के ढांचे को पुराना स्वरूप देने का कार्य किया गया है। अब इस स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत सुंदरीकरण, इंटरलॉकिंग सड़क, पथ प्रकाश व्यवस्था, यहां आने वाले लोगों के बैठने के लिए बेंच आदि कार्य कराए जाएंगे। इसके साथ बौद्ध स्थल कोपिया को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यहां पर भी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सुंदरीकरण के कार्य कराए जाएंगे। योजना के तहत टीले के संरक्षण के साथ ही बाउंड्रीवाल, इंटरलॉकिंग, बैठने के लिए बेंच, पार्क आदि विकसित किए जाने की तैयारी है। बताया जाता है कि सैकड़ों वर्ष पूर्व कोपिया (अनुपिया) में राजा शुद्धोधन का राजमहल था। यही से ज्ञान की तलाश में गौतम बुद्ध आमी नदी के किनारे वस्त्र त्याग कर विश्व भ्रमण पर निकल पड़े थे। जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कोपिया स्थित बुद्ध का टीला पर अब भी तमाम अवशेष मिलते रहते हैं। ऐसे में अब प्रशासन इस स्थल के विकास के लिए गंभीर प्रयास शुरू किए हैं। धर्मसिंहवा व कोपिया में पर्यटन विकास के कार्य होने से पर्यटक आकर्षित होंगे। मगहर और बखिरा पक्षी बिहार आने वाले पर्यटक धर्मसिंहवा व कोपिया टीले पर आकर आनंद लेंगे। इससे आस–पास के क्षेत्रों में व्यवसायिक गतिविधियां बढ़ेंगी। इससे लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। साथ ही क्षेत्र का विकास भी तेजी से होने की उम्मीद है। महेंद्र सिंह तंवर, डीएम ने कहा कि धर्मसिंहवा व कोपिया के बौद्ध स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। पर्यटन विभाग के जरिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। उम्मीद है कि जल्द ही इसकी स्वीकृति मिल जाएगी। इसके बाद कार्य शुरू करा दिए जाएंगें।

## वाहन में लगवाएं हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य है। बिना एचएसआरपी वाले वाहन चेकिंग में मिलने पर जुर्माना लगता है। इसलिए सभी को अपने हर स्तर के वाहन पर एचएसआरपी लगवा लेना चाहिए। अन्यथा पुलिस और परिवहन विभाग कार्रवाई करेगा।

## सोलर पंप का पंजीयन कराएं किसान

**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत वर्ष 2024–25 में किसानों से सोलर पंप के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। पंजीकृत किसानों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर योजना का लाभ मिलेगा। किसान इस योजना के तहत सोलर...

प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत वर्ष 2024–25 में सोलर पंप के लिए किसानों से किसानों का ऑनलाइन आवेदन मांगा गया है। पंजीकृत किसानों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर योजना का लाभ मिलेगा। किसान सोलर पंप के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## फसल का बीमा कराएं किसान

**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** दैवीय आपदा से फसलों को सुरक्षित करने के लिए फसलों का बीमा होता है।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। फसल का बीमा गैर ऋणी किसान बैंक व कंपनियों से संपर्क करके करा सकते हैं।

## दम्पति के बीच मतभेद हुआ खत्म

**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** आपसी मतभेद के चलते दम्पति के बीच चल रहा विवाद सोमवार को खत्म हो गया। पारिवारिक विवाद की शिकायत मिलने पर महिला थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी ने दम्पति को थाने पर बुलाया और उपनिरीक्षक सुषमा, हेल्प डेस्क कर्मी आरक्षी प्रिया मिश्रा व सविता के अथक प्रयास से दोनों के बीच चल रहे विवाद को खत्म कराया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दम्पति के बीच बीते कुछ दिनों से एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने से विवाद होता रहता था जिनको समझा बुझाकर एक साथ रहने के लिए राजी किया गया।

## 22 को निकाली जाएगी शौर्य यात्रा

**संवाददाता–गोरखपुर।** विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय कार्यालय पर आगामी 22 दिसंबर को निकलने वाली शौर्य यात्रा की तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक हुई। इसमें विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों को मोटर साइकिल रैली के साथ ही मंचीय कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

विहिप के दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा कि शौर्य यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंप दी गईं हैं। बैठक में विभाग मंत्री शीतल, महानगर संगठन मंत्री सोमेश, संजीत श्रीवास्तव, अंकित मिश्र राष्ट्रवादी, प्रदीप राय, राहुल पांडेय, शशिकांत गुप्ता, देवीलाल, अशोक सिंह, मिथिलेश मल्ल, दीपक मौर्य, देवेश वैश्य, शशांक त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
मुकदमा सं0 /2024
धारा 116 उ0प्र0रा0सं 2006
अदालत– श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय मेंहदावल जिला–संतकबीरनगर नगर

रजिया खातून
बनाम
राम औतार आदि

1. राम औतार पुत्र गोमती 2. राजेन्द्र पुत्र संतराम 3. संगीता पत्नी सुरेन्द्र 4. श्रीमती कुमारी पत्नी संतराम निवासीगण ग्राम विशुनपुरवागर तप्पा व तहसील मेंहदावल परगना मगहर पूरव जिला–संतकबीरनगर 5. राजाराम 6. रामकरन पुत्रगण झगरू 7. पुन्यवासी 8. रामदीन पुत्रगण मगरू 9. गिरजेश 10. अतुल पुत्रगण रामवरन 11. गंगोत्री पत्नी रामवरन 12. रामनाथ पुत्र रामनवल 13. दुर्गावती पत्नी रामनवल 14. सुखई 15. अंकेश 16. गणेश पुत्रगण रामदौड़ 17. किसमती पत्नी रामदौड़ निवासीगण ग्राम काटी तप्पा व तहसील मेंहदावल परगना मगहर पूरव जिला–संतकबीरनगर

–प्रतिवादीगण प्रथम वर्ग

18. ग्राम सभा सरफरा द्वारा भूमि प्रबन्धक सरफरा तप्पा व तहसील मेंहदावल परगना मगहर पूरव जिला–संतकबीरनगर

**तारीख पेशी 10–01–2025**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 10 माह 01 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
मुकदमा सं0
धारा 116 उ0प्र0रा0सं 2006
अदालत– श्रीमान उप जिलाधिकारी बांसी जिला–सिद्धार्थनगर

बालेदान
बनाम
गांव सभा आदि

1. रामजतन 2. कृष्ण बिहारी पुत्रगण श्यामलाल साकिन जीवा तप्पा कुदारन हाल मुकाम मु0 आर्यनगर न0प0पा0बांसी जिला–सिद्धार्थनगर 3. अरविन्द कुमार 4. अनूप कुमार पुत्रगण शिवजतन साकिन जीवा तप्पा कुदारन हाल मुकाम मु0 आर्यनगर न0प0पा0बांसी जिला–सिद्धार्थनगर 5. अशोक कुमार पुत्र शिवजतन साकिन जीवा तप्पा कुदारन हाल मुकाम मु0 अशोक नगर न0प0पा0बांसी जिला–सिद्धार्थनगर 6. श्रीमती कौशिल्या पत्नी शिवजतन साकिन जीवा तप्पा कुदारन हाल मुकाम मु0 आर्यनगर न0प0पा0बांसी जिला–सिद्धार्थनगर 7. श्रीमती कमला गुप्ता पत्नी राधेकृष्ण साकिन जीवा तप्पा कुदारन हाल मुकाम मु0 आर्यनगर न0प0पा0बांसी जिला–सिद्धार्थनगर

**तारीख पेशी 27–12–2024**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 12 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी शोहरत लाल पुत्र श्री राम फुलारे ग्राम– गोठवा थाना–रूधौली जनपद बस्ती (उ.प्र.) का निवासी है। मेरा एक पुत्र प्रेमचन्द व तीन पुत्रियां संगलावती देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी हैं। पुत्रियों का विवाह हो चुका है। मेरे पुत्र प्रेमचन्द का चाल चलन ठीक नहीं है। वह आये दिन अपनी पत्नी अनीता गौतम के साथ परिवार में कलह किया करता है। समझाने पर भी नहीं मानते। मुझे और मेरी पत्नी को उर्मिला को भी मारते–पीटते हैं। इसे देखते हुये मैं और पत्नी उर्मिला अपने पुत्र प्रेम चन्द और उसकी पत्नी अनीता गौतम को उसे 10–12–2024 से अपने चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। प्रेमचन्द और अनीता अपने किसी भी कृत्य, लेन देन, वाद विवाद आदि के लिये स्वयं जिम्मेदार होंगे। अब उसका मेरे परिवार से कोई सम्बन्ध नहीं है। प्रकाशन इसलिये करा रहा हूं कि वक्त जरूरत पर काम आवे।

### अदालती नोटिस

वाद के निपटारे के लिये सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5 व्या0प्र0 संहिता 1908)
मूलवाद संख्या 329/2024
न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) स्थान–बांसी जिला–सिद्धार्थनगर

मेहताब आलम
बनाम
समसुलहक खान आदि

1. समसुलहक खान पुत्र मो0 हद्दीश खांन साकिन बड़हरघाट तप्पा कोड़री परगना बांसी पूरव तहसील बांसी पोस्ट चेतिया जिला–सिद्धार्थनगर हाल मुकाम ग्राउन्ड फ्लोर रूम नं–4, 10/20 साने गुरूजी मार्ग एस0बी0 सकपाल मार्ग मुम्बई जैकेब सर्किल महाराष्ट्र 400011

–प्रतिवादी प्रथम पक्ष

2. श्रीमती साविला पत्नी मो0 इनाम साकिन काजी कटरा शहर तहसील व जिला–बहराइच

–प्रतिवादी द्वितीय पक्ष

3. तुफेल अहमद उर्फ खैराती पुत्र अली हुसेन मुकेरी साकिन नरकटहा तप्पा चंवर परगना बांसी पूरव तहसील बांसी जिला–सिद्धार्थनगर हाल मुकाम खुनीपुर शहर गोरखपुर व सलारगंज पानी टंकी के पास बहराइच तहसील व जिला–बहराइच

–प्रतिवादी तृतीय पक्ष

**तारीख पेशी 02–01–2025**

प्रतिवादी ने आपके विरूद्ध के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक **02.01.2025** को दिन में 10 बजे वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता प्लीडर द्वारा उप संजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो बात से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके न्यायालय में आपके उप संजात के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिये नियत दिन है। इसलिये आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि अगर ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश

### अदालती नोटिस

इश्तहार मजरिया अदालत– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला–बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0 320/2024
श्रीमती लक्ष्मी–सायल

1. श्रीमती लक्ष्मी उम्र लगभग 34 साल पत्नी योगेश कुमार साकिन मौजा पिपरा बृजलाल तप्पा दुबौलिया परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 08–01–2025**

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम–1925

दरख्वास्त मुसम्मा वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा व विकालत हाय दरख्वास्त मुसम्मा मुतवफ्फा अपने बमूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई0 वकैद

हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख माह सन ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तिहार जारी किया जाता है कि किसी को निस्बत के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू0डि0) बस्ती बतारीख पेशी 08–01–2025 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्बत दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा।

अलमरकूम माह सन 20 ई0।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0–233/2023
न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती

सत्य प्रकाश
बनाम
पूजा चौबे आदि

1. पूजा चौबे उम्र करीब 25 साल पुत्री राम प्रकाश निवासी ग्राम छितौनी तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव पो0 सण्डा तहसील व जिला–बस्ती

–प्रतिवादिनी प्रथम वर्ग

2. राम प्रकाश उम्र करीब 47 साल पुत्र हरीराम निवासी ग्राम छितौनी तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव पो0 सण्डा तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 06–01–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 06 माह 01 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
मुकदमा सं0 T 202217450301514
धारा 144 उ0प्र0रा0सं 2006
अदालत– श्रीमान उप जिलाधिकारी (न्यायिक) महोदय मेंहदावल जिला–संतकबीरनगर नगर

राघवेन्द्र प्रताप सिंह
बनाम
राजमन आदि

1. राजमन पुत्र मुन्नू 2. फूलचन्द्र 3. रामशब्द 4. रवि पुत्रगण राजाराम 5. श्रीमती सुभावती पत्नी राजाराम 6. नारद 7. सुरेन्द्र पुत्रगण बुद्धिराम निवासीगण ग्राम भरवलिया पाण्डेय तप्पा व तहसील मेंहदावल परगना मगहर पूरव जिला–संतकबीरनगर

–प्रतिवादीगण प्रथम वर्ग

8.ग्राम पंचायत मनाई जरिये ग्राम प्रधान मनाई तप्पा व तहसील मेंहदावल परगना मगहर पूरव जिला–संतकबीरनगर 9. सरकार उ0प्र0 जरिये जिलाधिकारी संतकबीर नगर

–प्रतिवादीगण द्वितीय वर्ग

**तारीख पेशी 09–01–2025**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 09 माह 01 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
मूलवाद सं0–354/2021
न्यायालय–श्रीमान सप्तम अति0 सिविल जज (जू0डि0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती

रामनरायन आदि
बनाम
राम महीपत आदि

1. राम महीपत उम्र लगभग 60 वर्ष 2. रामकेवल उम्र लगभग 70 वर्ष पुत्रगण रामदेव 3. प्रभुनाथ उम्र लगभग 35 वर्ष 4. शिवनाथ उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्रगण राम सुरेश साकिनान मौजा गनेशपुर टोला चुवाड़े तप्पा गनेशपुर परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 22–01–2025**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 22 माह 01 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 17 माह 12 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

–द0 हाकिम

## पेंशनर दिवस पर पेंशनरों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया

**संवाददाता–गोरखपुर।** कमिश्नर कार्यालय के ऑडिटोरियम सभागार में पेंशनर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले पेंशनरों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह, अपर निदेशक पेंशन अशोक कुमार सिंह, मुख्य कोषाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, कोषाधिकारी हरिकेश कुमार, प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन अशोक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रयागराज-बनारस-अयोध्या रिंग रेल रोड पर चार मेमू चलेंगी

**संवाददाता–गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन के मुताबिक, सभी मेमू (मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) ट्रेनें प्रयागराज से चलेंगी और प्रयागराज रामबाग, झूंसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, लोहता,भदोही, जंघई, मरियाहू, जौनपुर, शाहगंज, जाफराबाद, अकबरपुर, गुसाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, मऊ आइमा, फाफामऊ, प्रयाग होते हुए प्रयागराज पहुंचेंगी।

### अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
मुकदमा सं0 /2024
धारा 116 उ0प्र0रा0सं 2006
अदालत– श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय मेंहदावल जिला–संतकबीरनगर नगर

अयोध्या
बनाम
श्रीमती सिताबी देवी

1. श्रीमती सिताबी देवी पत्नी अयोध्या साकिन नौदरी तप्पा मेंहदावल परगना मगहर पूरव तहसील मेंहदावल जिला–संतकबीरनगर 2. जगदीश पुत्र रामलखन साकिन नौदरी तप्पा मेंहदावल परगना मगहर पूरव तहसील मेंहदावल जिला–संतकबीरनगर

–प्रतिवादीगण प्रथम वर्ग

3. नगर पंचायत मेंहदावल द्वारा अध्यक्ष नगर पंचायत मेंहदावल तप्पा मेंहदावल परगना मगहर पूरव तहसील मेंहदावल जिला–संतकबीरनगर

–प्रतिवादी द्वितीय वर्ग

**तारीख पेशी 03–01–2025**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 03 माह 01 सन 2025 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

दैनिक
भारतीय बस्ती

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल bhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com